शर्मा হাৰ্ডৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 11 | अंक : 94 | गुवाहाटी | शनिवार, 2 नवंबर, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

तिरुमाला मंदिर में काम करने वाले सभी हिंदू हों : चेयरमैन पेज 2
भाजपा प्रत्याशी घटवार भारी मतों से जीतेंगे : हजारिका पेज 3
विवादित पुस्तकों के लिए कांग्रेस सरकार जिम्मेदार, समाज में वैमनस्य फैलाना... पेज 5
स्टोक्स, बटलर ने ईसीबी के साथ किया दो साल का केंद्रीय अनुबंध पेज 7

खड़गे ने दी कांग्रेस नेताओं को नसीहत, कहा–

बजट के आधार पर करें वादे



मुंबई। महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनावों के साथ ही देश भर में 14 राज्यों की 48 विधानसभा सीटों और दो राज्यों की दो लोकसभा सीटों पर भी उपचुनाव को लेकर इस दिनों देश की सियासी सरगर्मी बढ़ी हुई है। महाराष्ट्र में एक चरण चुनाव होना है। सभी पार्टियों ने कमर कस ली है। यहां महायुति बनाम एमवीए का चुनाव है। आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। एक तरफ मल्लिकार्जुन खड़गे अपनी ही पार्टी यानी कांग्रेस को नसीहत देते नजर आए। वहीं, भाजपा ने इस पर पलटवार किया। दूसरी ओर, संजय राउत ने पुलिस महानिदेशक रश्मि शुक्ला को लेकर बड़ी बात कही। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बताया कि मैंने कहा है कि उन्हें (महाराष्ट्र कांग्रेस) 5, 6, 10 या 20 गारंटी की घोषणा नहीं करनी चाहिए। बजट के आधार पर गारंटी की घोषणा की जानी चाहिए। अन्यथा, दिवालियापन होगा। अगर सड़कों के लिए पैसा नहीं है, तो हर कोई आपके खिलाफ हो जाएगा। अगर सरकार विफल होती है, तो आने वाली पीढ़ी के पास एक बुरे नाम के अलावा कुछ नहीं बचेगा। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने स्वीकार किया है कि हमें केवल उन वस्तुओं के लिए घोषणा करनी चाहिए, जिनके लिए हमारे पास बजटीय प्रावधान और वित्तीय उपलब्धता है। क्या कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राहुल गांधी को यह सबक सिखाया है? राहुल गांधी घोषणाएं करने में माहिर हैं। वे सिर्फ घोषणाएं करते हैं और वोट के लिए जनता को बेवकूफ बनाते हैं और फिर वे अपने वादों को लागू नहीं करते हैं। कर्नाटक में

-शेष पृष्ठ दो पर

असलियत आ गई सामने : पीएम मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टी जनता के सामने *बुरी तरह बेनकाब* हो गई है, क्योंकि वह लोगों से ऐसे वादे करती है, जिन्हें वह खुद जानती है कि पूरा नहीं कर पाएगी। मोदी की कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान पर पलटवार किया है। खड़गे ने कहा था कि कांग्रेस शासित राज्य सरकारों को ऐसे वादे करने चाहिए, जो सही तरीके से बजट में शामिल हों और जिनके लिए पैसे की समस्या न आए। खड़गे ने यह बयान तब दिया था, जब हाल ही में कुछ खबरों में बताया गया कि कांग्रेस शासित राज्यों को अपने चुनावी वादे पूरे करने में दिक्कतें आ रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जानती है कि झूठे वादे करना आसान है। लेकिन उन्हें सही तरीके से लागू करना बहुत कठिन या असंभव है। वे हर चुनाव में लोगों से वादे करते हैं, लेकिन भली-भांति जानते हैं कि उन्हें पूरा नहीं कर पाएंगे। अब वे लोगों के सामने बुरी तरह बेनकाब हो गए हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना जैसे कांग्रेस शासित राज्यों में विकास और वित्तीय स्थिति दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। मोदी ने लोगों को चेतावनी दी कि उन्हें कांग्रेस के झूठे वादों से सतर्क रहना होगा। उन्होंने कहा कि हाल ही में हमने देखा कि हरियाणा के लोगों ने उनके झूठ को खारिज कर दिया और एक ऐसी सरकार को चुना जो स्थिर और विकासोन्मुख है। उन्होंने कहा कि देशभर में यह समझ बढ़ रही है कि कांग्रेस को वोट देना यानी

-शेष पृष्ठ दो पर

झारखंड में भाजपा सत्ता में आई तो दो लाख 87 हजार को दी जाएगी सरकारी नौकरी : हिमंत

देवघर/कोडरमा (हि.स.)। भाजपा के झारखंड विधानसभा चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को देवघर जिले के सारठ स्थित चितरा स्टेडियम में भाजपा प्रत्याशी रणधीर सिंह के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी पार्टी की सरकार बनी तो संताल परगना से घुसपैठियों को भगाया जाएगा। दो लाख 87 हजार को सरकारी नौकरी दी जाएगी। हिमंत ने कहा कि जल, जंगल और जमीन का पैसा खाने वाले जेल की चक्की पीसेंगे। झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राजद मंईयां सम्मान योजना की बात करते हैं लेकिन जमीनी हकीकत ये है कि महिलाएं आज भी लाइन लगाकर पानी लेती हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के बाद ग्रेजुएट युवकों को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए हर महीने दो हजार रुपए दो साल तक दिए जाएंगे। साथ ही 21 लाख पीएम आवास दिए जाएंगे। लोगों को बालू फ्री में दी जाएगी। दो लाख 87 हजार लोगों को सरकारी नौकरी दी जाएगी। 50 लाख बेरोजगारों का रोजगार दिया जाएगा। इसके बाद हिमंत जामताड़ा पहुंचे। जामताड़ा

-शेष पृष्ठ दो पर

आतंकियों ने दो गैर-स्थानीय लोगों पर की गोलीबारी

बडगाम (हि.स.)। बडगाम जिले के मजहामा मगाम इलाके में शुक्रवार रात को आतंकियों ने दो गैर-स्थानीय व्यक्तियों पर गोलीबारी की। जिसके चलते दोनों घायल हो गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों ने आज रात मजहामा के पास दो गैर-स्थानीय लोगों पर गोलीबारी की जिससे दोनों व्यक्ति घायल हो गए। उन्हें तुरंत इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

-शेष पृष्ठ दो पर

हिमंत के विवादित बयान पर पलामू में मामला दर्ज

पलामू (हि.स.)। झारखंड के पलामू जिले के हुसैनाबाद के पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने असम के मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के झारखंड राज्य चुनाव सह प्रभारी हिमंत विश्व शर्मा पर विवादित भाषण देने एवं धार्मिक उन्माद फैलाने के प्रयास करने का आरोप लगाते हुए मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, डालटनगंज की अदालत में शुक्रवार को एक मामला दर्ज कराया है, जिसका परिवाद पत्र संख्या-3359/2024 है। परिवाद पत्र में कहा गया है कि झारखंड के हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में 23 अक्तूबर

-शेष पृष्ठ दो पर

door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

सुप्रभात

योग्य सहायकों के बिना निर्णय करना बड़ा कठिन होता है।
– **आचार्य चाणक्य**

सड़क दुर्घटना में एक युवती समेत दो की मौत, दो घायल

गुवाहाटी (हि.स.)। गुवाहाटी के दिसपुर थाना क्षेत्र के खानापाड़ा इलाके में आज तड़के हुई दो स्कॉर्पियो के बीच आमने-सामने की टक्कर में एक युवती समेत दो की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, दो लोगों को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि आज तड़के 03 बजे खानापड़ा के निकट फार्म गेट इलाके में गणेशगुड़ी की ओर से आ रही सफेद रंग की स्कॉर्पियो (एएस-01,ईजी-0820) जीएस रोड से साइंस म्यूजियम की ओर जाने वाली रोड के मोड़ पर खानापाड़ा से गणेशगुड़ी की ओर आ काफी तेज रफ्तार काले रंग की स्कॉर्पियो (एएस-01जीबी-6269) से जा टकराई। दुर्घटना इतना जबरदस्त था कि काले रंग की स्कॉर्पियो दुर्घटना के बाद फुट ओवरब्रिज की सीढ़ियों से जा टकरायी। काले रंग की स्कॉर्पियो बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी। घटना के समय चालक समेत काले रंग के स्कॉर्पियो में दो युवती

-शेष पृष्ठ दो पर

चुनाव से हले डोनाल्ड का ट्रम्प कार्ड

कमला ने हिंदुओं की अनदेखी की, मैं सुरक्षा दूंगा



वाशिंगटन। अमेरिका में वोटिंग से ठीक पहले डोनाल्ड ट्रम्प ने बहुत बड़ा एलान कर दिया है। डोनाल्ड ट्रम्प ने साफ कहा है कि हिंदुओं के लिए क्या करूंगा। ट्रम्प ने आरोप लगाया है कि जो बाइडेन और कमला हैरिस ने हिंदुओं की अनदेखी की है। इतिहास में पहली बार अमेरिका में राष्ट्रपति पद का कोई उम्मीदवार अमेरिका समेत पूरी दुनिया में हिंदुओं की सुरक्षा का मुद्दा उठा रहा है। कई लोग बोल रहे हैं कि डोनाल्ड ट्रम्प वोटर्स को लुभाने के लिए हिंदुओं पर बयान दे रहे हैं। यकीन ध्यान देनी वाली बात ये है कि ट्रम्प सिर्फ अमेरिकी हिन्दुओं का मुद्दा नहीं उठा रहे, बल्कि बांग्लादेश समेत पूरी दुनिया के

-शेष पृष्ठ दो पर

वीएचपी ने किया स्वागत

नई दिल्ली। दुनिया भर में दिवाली का त्योहार बड़े धूमधाम से मनाया गया। विश्व के कई नेताओं ने लोगों को शुभकामनाएं दीं। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी दिवाली की शुभकामनाएं दी और बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुए हमले की निंदा की, जिस पर विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने ट्रंप के इस बयान का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में इस्लामी जिहादी ताकतों द्वारा उत्पीड़ित हिंदुओं और दूसरे अल्पसंख्यकों

-शेष पृष्ठ दो पर

न्यूज गैलरी

राजेश कुमार सिंह बने भारत के नए रक्षा सचिव

नई दिल्ली। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी राजेश कुमार सिंह को भारत के नए रक्षा सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है। उन्होंने 1 नवंबर को नई दिल्ली में रक्षा मंत्रालय में अपना पद संभाला। राजेश कुमार सिंह केरल कैडर के 1989 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। रक्षा सचिव बनने से पहले,

-शेष पृष्ठ दो पर

आर्थिक सलाहकार परिषद् के अध्यक्ष बिबेक देबरॉय का निधन

नई दिल्ली (हि.स.)। देश के जाने-माने अर्थशास्त्री एवं प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद् के अध्यक्ष बिबेक देबरॉय (69) का शुक्रवार को निधन हो गया। देबरॉय ने देश की आर्थिक नीतियों को आकार देने में मुख्य भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर देबरॉय के निधन पर शोक व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं डॉ. देबरॉय को उनकी

-शेष पृष्ठ दो पर

त्योहारों में भरा सरकारी खजाना जीएसटी कलेक्शन में जबरदस्त इजाफा

नई दिल्ली। दिवाली के अवसप पर सरकार को अच्छी खबर मिली है। सरकार को जीएसटी से लगातार कमाई हो रही है। त्योहारी सीजन के चलते अक्तूबर 2024 में जीएसटी कलेक्शन (जीएसटी कलेक्शन) में जोरदार उछाल देखने को मिला है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार अक्तूबर महीने में गुड्स एंड सर्विसेज कलेक्शन 1,87,346 करोड़ रुपए रहा है जो बीते वित्त वर्ष के अक्तूबर महीने में रहे 1.72 लाख करोड़ रुपए से करीब 9 फीसदी ज्यादा है। सितंबर 2024 में 1.73 लाख

-शेष पृष्ठ दो पर

मिजोरम में 2500 परिवारों को मिलेगा विशेष राशन कार्ड

एजल। मिजोरम सरकार ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से वंचित लाभार्थियों के लिए विशेष राशन कार्ड की योजना शुरू की है। राज्य के सीएम लालदुहोमा ने एलान किया कि दुर्बल आय वर्ग वाले परिवारों की सहायता के लिए यह योजना शुरू की गई है। इस योजना से पहले चरण में 2500 परिवारों को लाभ मिलेगा। हैंड होल्डिंग योजना और राष्ट्रीय पशुधन मिशन के शुभारंभ के दौरान सीएम ने कहा कि लाल रंग के विशेष राशन कार्ड सफेद राशन कार्ड रखने वाले 2,500 परिवारों को वितरित किए जाएंगे। विशेष राशन कार्ड चाहने वाले लाभार्थियों को अपने संबंधित जिला नागरिक आपूर्ति अधिकारियों से संपर्क करना होगा। सरकार ने लाभार्थियों के चयन में सहायता के लिए स्थानीय परिषदों और गैर सरकारी संगठनों से भी सहयोग की मांग की है। दरअसल में मिजोरम में राशन कार्ड धारक तीन श्रेणियों में आते हैं। इनमें पहली श्रेणी पीला अंत्योदय अन्न योजना, नीला पात्र गृहस्थी और सफेद गैर-एनएफएसए होता है। अंत्योदय अन्न और पात्र

-शेष पृष्ठ दो पर

एयरपोर्टों को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला पुलिस हिरासत में

नागपुर (हि.स.)। देश के कई एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले व्यक्ति जगदीश उइके को आखिरकार पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। साइबर सेल इस मामले में उईके की गतिविधियों की जांच कर रही है। पुलिस उइके से पूछताछ कर रही है और इस कार्रवाई को लेकर गोपनीयता बरत रही है। दरअसल, हवाई अड्डों को लगातार उड़ाने की धमकियों के कारण पिछले कुछ दिनों से विमान सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। दिवाली से पहले 25 से 30 अक्तूबर के बीच केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, रेलवे सुरक्षा बल के महानिदेशक, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री,

-शेष पृष्ठ दो पर

अब से 120 नहीं, 60 दिन पहले बुक होंगे ट्रेन के टिकट

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने 1 नवंबर 2024 से ट्रेन टिकट की एडवांस बुकिंग के नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव किया है। अब यात्री केवल 60 दिन (दो महीने) पहले तक ही ट्रेन के टिकट बुक कर सकेंगे। पहले यह अवधि 120 दिन थी, जो अब घटाकर 60 दिन कर दी गई है। यह निर्णय रेलवे ने बढ़ती टिकट कैंसिलेशन की संख्या और सीटों की बर्बादी को ध्यान में रखते हुए लिया है। अब से, यात्रियों को अपने टिकट बुक करने के लिए अधिकतम 60 दिन का समय मिलेगा। इस नए नियम के लागू होने के बाद, अगर कोई यात्री 31 अक्तूबर 2024 तक बुकिंग कराता है, तो वह 120 दिन की एडवांस बुकिंग के तहत मान्य रहेगा। लेकिन 1 नवंबर 2024 के बाद बुक किए गए टिकटों पर नया नियम लागू होगा। अगर किसी यात्री ने 60 दिन से अधिक समय के लिए टिकट बुक कर रखा है, तो उसे कैंसिल करने के नियम सामान्य प्रक्रिया के अनुसार ही होंगे। नया नियम कैंसिलेशन की अवधि को भी 60 दिन तक सीमित कर देगा। इसका मतलब है कि यदि आप अपने टिकट को रद्द करना चाहते हैं, तो आपको इस समय सीमा के भीतर ही प्रक्रिया पूरी करनी होगी। कुछ ट्रेनों, जैसे गोमती एक्सप्रेस और ताज एक्सप्रेस, पर नए नियम लागू नहीं होंगे। इन ट्रेनों के लिए पहले से ही कम एडवांस रिजर्वेशन

-शेष पृष्ठ दो पर

इजरायल पर हमले की तैयारी में ईरान

हिजबुल्ला के हमले में सात इजरायली नागरिकों की जान गई

तेहरान। मध्य पूर्व में तनाव बढ़ता ही जा रहा है। एक नई रिपोर्ट के अनुसार, ईरान आने वाले दिनों में इजरायल पर एक बड़े हमले की योजना बना रहा है। एक्सियोस ने दो अज्ञात इजरायली स्रोतों का हवाला देते हुए बताया कि यह हमला पांच नवंबर को अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले हो सकता है। इसके तहत इराक के किसी क्षेत्र से बड़ी संख्या में ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों का प्रयोग किया जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान समर्थक मिलिशिया के माध्यम से इराक से हमला करना, तेहरान द्वारा इजरायल के रणनीतिक लक्ष्यों के प्रति अपनी सुरक्षा को सुनिश्चित करने का एक प्रयास हो सकता है। इस बीच, इजरायल ने हाल ही में ईरान के खिलाफ हवाई हमले किए हैं, जिसमें ऊर्जा अवसंरचना और परमाणु संयंत्रों को निशाना नहीं बनाया गया। हाल की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायली

-शेष पृष्ठ दो पर

CLASSIFIED

For all kinds of classified advertisements please contact

97070-14771
86382-00107

MURTI AVAILABLE

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

तिरुमाला मंदिर में काम करने वाले सभी हिंदू हों : चेयरमैन

नई दिल्ली। विश्व प्रसिद्ध प्रसादम (लड्डू) में जानवरों की चर्बी मिलाए जाने के विवाद के बाद तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष बीआर नायडू ने गुरुवार को कहा कि भगवान वेंकटेश्वर के निवास तिरुमाला में काम करने वाले सभी लोग हिंदू समाज के होने चाहिए। साथ ही यहां पर काम करने वाले गैर हिंदुओं को लेकर आंध्र प्रदेश सरकार के साथ बात करेंगे। हैदराबाद में पत्रकारों से बात करते हुए बीआर नायडू ने यह भी कहा कि वह आंध्र प्रदेश सरकार से इस संबंध में बात करेंगे कि दूसरे धर्मों के कर्मचारियों के साथ कैसे व्यवहार किया जाए, क्या उन्हें अन्य सरकारी विभागों में भेजा जाना चाहिए या फिर उन्हें वीआरएस दी जानी चाहिए। तिरुमाला में हिंदुओं के काम करने को लेकर उन्होंने कहा कि तिरुमाला में काम करने वाला हर व्यक्ति हिंदू होना चाहिए। मेरी यही पहली कोशिश होगी कि इस दिशा में काम किया जाए। इसमें कई मुद्दे हैं। हमें इस पर ध्यान करना होगा। टीटीडी बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में अपनी नियुक्ति पर भगवान वेंकटेश्वर के भक्त नायडू ने कहा कि वह टीटीडी बोर्ड के अध्यक्ष नियुक्त किए जाने को अपना सौभाग्य मानते हैं। उन्होंने बोर्ड के प्रमुख के तौर पर जिम्मेदारी देने के लिए आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और राज्य की एनडीए सरकार के अन्य नेताओं को भी धन्यवाद दिया। हालांकि बीआर नायडू ने यह आरोप भी लगाया कि पिछली वाईएसआर कांग्रेस सरकार के दौरान तिरुमाला में ढेरों अनियमितताएं बरती गईं। उन्होंने कहा कि मंदिर की पवित्रता की रक्षा की जानी चाहिए। मैं अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करूंगा। बीआर नायडू मीडिया से जुड़ी एक अहम शख्सियत हैं जो एक हिंदू भक्ति चैनल सहित तेलुगू टीवी चैनल भी चलाते हैं। प्रसाद विवाद के सामने आने के कुछ दिन बाद आंध्र प्रदेश सरकार ने 2 दिन पहले बुधवार को तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के लिए 24 सदस्यों के साथ एक नए बोर्ड की स्थापना की। यह बोर्ड तिरुमाला तिरुपति में विश्व प्रसिद्ध बालाजी मंदिर का प्रशासन करता है। नायडू सरकार ने नवगठित टीटीडी बोर्ड का अध्यक्ष बीआर नायडू को बनाया है, जबकि भारत बायोटेक इंटरनेशनल लिमिटेड की सह-संस्थापक और एमडी सुचित्रा एला इसके 24 सदस्यों में शामिल की गई हैं।

तमिलनाडु में पुलिस को मंदिर के पास मिला रॉकेट लॉन्चर, हर तरफ मची सनसनी

चेन्नई। तमिलनाडु के त्रिची जिले में कावेरी नदी के पास ही किनारे पर रॉकेट लॉन्चर ग्रेनेड मितमिलनाडु कि अंडानल्लूर मंदिर के पास पुलिस को सूचना मिली कि श्रद्धालुओं को एक असामान्य वस्तु दिखाई है। पुलिस को मिली सूचना के बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। मंदिर में दर्शन करने आए श्रद्धालुओं का कहना है कि सीडीओ पर उन्हें कोई रहस्यमय वस्तु देखी जिसकी जानकारी उन्होंने पुलिस को दी। रहस्यमय वस्तु को देखकर श्रद्धालु घबरा गया और इधर-उधर भागने लगे। जियापुरम पुलिस की घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अपने साथ बम निरोधी दस्ता लेकर घटना स्थल पर पहुंची थी। जैसे ही पूरी घटना स्थल पर पहुंची तो उन्हें एक नीले और काले रंग की चीज देखी जो रॉकेट लांचर बताया गया है। भारतीय सेवा को पुलिस ने रॉकेट लांचर सौंप दिया है। भारतीय सेवा की 117 इन्फेंट्री बटालियन को यह दिया गया है। पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि मामले की विस्तार से जांच की जा रही है। रॉकेट लांचर मिलने के बाद मंदिर के आसपास सुरक्षा को बढ़ा दिया गया है। पुलिस रिचार्ज करने में ड्यूटी है कि रॉकेट लांचर ब्रांडेड कहां से आया। सिर्फ पॉलिसी नहीं सुरक्षा एजेंसी अभी इसकी जांच करने में लगी हुई है। इस्लामी की हर एंगल से जांच हो रही है। माना जा रहा है कि केंद्रीय एजेंसियां कई बार राज्य सरकारों को चेतावनी दे चुकी है कि लिट्टे तमिलनाडु में फिर से अपना वर्चस्व स्थापित करने की कोशिश में जुटा है। सरकार को चेतावनी दी गई है कि पानी के रास्ते श्रीलंका से कई सामाजिक तत्व भारत आ रहे हैं।

काजीरंगा का अगरातली वनांचल पर्यटकों के लिए खुला

गोलाघाट (हिंस)। काजीरंगा के अगरातली वन क्षेत्र को आज से पर्यटकों के लिए खोल दिया गया है। राज्य के कृषि मंत्री अतुल बोरा ने फीता काटकर पार्क को पर्यटकों के लिए खोला। मंत्री के साथ काजीरंगा की फील्ड डायरेक्टर डॉ. सोनाली घोष, डीएफओ अरुण बिग्नेश, अनेक पर्यटक तथा अन्य गण्यमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

विनाशकारी बाढ़ में 150 से अधिक लोगों की जान गई

मेड्रिड (हि.स.)। स्पेन में आई भीषण बाढ़ से मरने वालों की संख्या गुरुवार तक 150 से ज्यादा हो गई है। बड़ी संख्या में लोग लापता हैं जिनकी तलाश में बचाव दल जुटा हुआ है। लापता लोगों को देखते हुए मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। यह तबाही पिछले कुछ दशकों में यूरोप की सबसे भीषण आपदा बन सकती है। स्पेन के पूर्वी व दक्षिणी हिस्सों में मंगलवार को शुरू हुई मूसलाधार बारिश से बाढ़ के हालात बदतर हो गए। बाढ़ से घिरे इलाके में बड़ी संख्या में लोगों को सुरक्षित इलाके तक पहुंचने की जद्दोजहद करनी पड़ी। इन इलाकों में रेल व सड़क मार्ग बुरी तरह प्रभावित होने के कारण लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए शुरू में बचाव कर्मियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज ने कहा कि कई शहर बाढ़ प्रभावित हैं। सभी आवश्यक संसाधनों का इस्तेमाल किया जा रहा है जिससे देश इस त्रासदी से उबर सके।

दिवाली के दिन एक ही परिवार की तीन पीढ़ियां खत्म

नई दिल्ली। आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में दीवाली के दिन दिल दहला देने वाली घटना हुई। दो गुटों के बीच मामूली बातचीत से शुरू हुई लड़ाई देखते ही देखते खूनी झड़प में तब्दील हो गई। गांव वालों के सामने ही एक परिवार की तीन पीढ़ियां एक साथ खत्म हो गईं। घटना काजुलुरु मंडल के सलापका गांव की है। यहां तीन शव खून से लथपथ मिले। आरोपियों ने सभी के सिर को कुचल दिया था। तीनों के हाथों में दरांती थी। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। प्रारंभिक जांच में यह पता चला है कि वारदात को पुरानी रंजिश और अपमानजनक टिप्पणी की वजह से अंजाम दिया गया है। मृतकों की पहचान बथुला रमेश, बथुला चिन्नी (पुत्र) और बथुला राजू (पोता) के तौर पर हुई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दीवाली मनाते वक्त यह घटना हुई है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि दोनों ही गुट नशे में थे। इस दौरान एक गुट ने अपने विपक्षी गुट पर टिप्पणी कर दी। इसके बाद ही विवाद बढ़ गया। घटना के बाद से ही पूरे सलापका गांव में तनाव है। एहतियात के तौर पर गांव में भारी पुलिसबल की तैनाती की गई है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने भी घटनास्थल का दौरा किया। पुलिस ने मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। सभी शवों को पोस्टमार्टम को भेज दिया है। पुलिस का दावा है कि सभी आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। खबरों के मुताबिक पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए कई विशेष टीमों का गठन किया है। उधर, गुंटूर और प्रकाशम जिलों में भी गुटों में संघर्ष हुआ है। गुंटूर में दो गुट आपस में भिड़ गए। इस घटना में दो लोग घायल हैं। घटना एक फास्ट फूड सेंटर की है। प्रकाशम जिले में छात्रों के दो गुटों में भिड़त हो गई। इसमें एक छात्र घायल है। उधर, उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले में भी दीवाली की खुशियां मातम में बदल गईं। यहां सड़क हादसे में तीन लोगों की जान चली गई। मौत की खबर पहुंचते ही तीन परिवारों में कोहराम मच गया। न्यूरिया थाना क्षेत्र की घटना है। तीनों युवक दुहा गांव में बने एक आश्रम में दीया जलाने जा रहे थे। तभी गांव भिलैया के पास बाइक अनियंत्रित होकर सीधे पेड़ से जा भिड़ी। तीनों की मौत से पूरे गांव में मातम पसर गया।

गांजा समेत तस्कर गिरफ्तार

गुवाहाटी (हिंस)। गुवाहाटी के वशिष्ठ थाना क्षेत्र में पुलिस की टीम ने अभियान चलाकर गांजा समेत एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर वशिष्ठ थाना क्षेत्र इलाके में चलाए गए अभियान के दौरान गांजा तस्कर ताहिदा खातून (बिहारबारी) को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी के पास से 9 किलोग्राम गांजा और एक मोबाइल फोन जब्त किया गया है। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिक की दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

पृष्ठ एक का शेष

बजट के आधार...

उन्होंने (कांग्रेस) पांच गारंटी की घोषणा की। आज वे मुफ्त बस योजना (शक्ति) की समीक्षा करने की बात कर रहे हैं। भाजपा हमेशा उन वादों को पूरा करती है जो हम करते हैं। उन्होंने कहा कि पहली बार कांग्रेस ने स्वीकार किया है कि उन्होंने जनता को गुमराह किया है। क्या कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में जो हो रहा है, उसके लिए माफी मांगेंगे? इंडिया गठबंधन सरकार महाराष्ट्र और झारखंड में भी ऐसा ही करेगी और जनता को गुमराह करेगी। मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी को देश से माफी मांगनी चाहिए। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के नेता संजय राउत ने कहा कि राज्य की पुलिस महानिदेशक रश्मि शुक्ला के खिलाफ बहुत गंभीर आरोप हैं। क्या हम उनसे निष्पक्ष चुनाव कराने की उम्मीद कर सकते हैं? हमने कहा है कि चुनाव की बागडोर उन्हें नहीं दी जानी चाहिए और तब चुनाव आयोग ने कहा कि उन्हें (स्थानांतरण का) अधिकार नहीं है। यह कैसे हो सकता है? वहीं, झारखंड के डीजीपी को बदल दिया गया। महाराष्ट्र का चुनाव पुलिस के दबाव में हो रहा है। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना की नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि चाहे वह गीता जैन हों, दीपक केसरकर हों, तानाजी सावंत हों। वहां गए 40 लोगों की संपत्ति 2019 से 2024 तक 50 फीसदी से लेकर 100 फीसदी के बीच वृद्धि दिखाती है। उन्होंने आगे कहा कि मैंने केवल 2019 बनाम 2024 में उनके द्वारा संपत्ति की घोषणा पर प्रकाश डाला है। यह स्पष्ट रूप से दिखाता है कि उनका निर्णय केवल उनके हितों के लिए और महाराष्ट्र और उसके लोगों के खिलाफ था।

असलियत आ गई ...

शासन में कमी, खराब अर्थव्यवस्था और बेहिसाब लूट के लिए वोट देना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की गारंटी लागू नहीं हुई हैं, जो इन राज्यों के लोगों के साथ एक भयानक धोखा है। उन्होंने कहा कि ऐसे राजनीतिक खेलों के शिकार गरीब, युवा, किसान और महिलाएं हैं। उन्हें न तो वादों का लाभ मिल रहा है और न ही मौजूदा योजनाओं को सही तरीके से चलाया जा रहा है। कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी आपसी राजनीति और लूट में व्यस्त है। कांग्रेस विकास पर ध्यान देने के बजाय मौजूदा योजनाओं को खत्म करने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में सरकारी कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा है और तेलंगाना के किसान उस वादे को पूरा होने का इंतजार कर रहे हैं, जो उनसे किया गया था।

झारखंड में भाजपा...

में नाला और जामताड़ा दो विधानसभा क्षेत्रों के चुनाव होने हैं। यहां उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार पर हमला बोला और झामुमो में बंटी-बबली की सरकार बताया। उन्होंने कहा कि दोबारा ये सरकार आई तो कोई सुरक्षित नहीं रह सकता। उन्होंने आलमगीर और इरफान अंसारी पर भी जमकर हमला बोला। साथ ही वर्तमान सरकार को घुसपैठियों को संरक्षण देने वाली सरकार बताया। उधर असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को झारखंड के कोडरमा जिले के मरकच्चो प्रखण्ड के गुरहा मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने एक तरफ जहां केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनवाईं, वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस और जेएमएम पर जमकर निशाना साधा। साथ ही कोडरमा विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी डॉ नीरा यादव को जिताने का लोगों से आग्रह किया। शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार ने विकास की जो गाथा लिखी है उसे निरंतर आगे बढ़ाने के लिए लोगों को एकजुट होना होगा। देश की तरक्की और उन्नति के लिए जिस तरह से केंद्र में मोदी सरकार को वोट देकर सरकार बनाया है ठीक उसी तरह से झारखंड में भाजपा की सरकार बनाकर डबल इंजन की सरकार बनानी है, तभी झारखंड का विकास संभव है। जनसभा को केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और कोडरमा प्रत्याशी डॉ नीरा यादव सहित अन्य नेताओं ने भी सम्बोधित किया।

आतंकियों ने दो...

घायलों की पहचान संजय और उस्मान के रूप में हुई है। दोनों यूपी के रहने वाले हैं। वह दोनों जल जीवन परियोजना में श्रमिक के रूप में कार्यरत हैं। वहीं हमले के बाद सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। खबर लिखे जाने तक सुरक्षाबलों का तलाशी अभियान जारी था।

हिमंत के विवादित ...

को असम के मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के झारखंड चुनाव प्रभारी हिमंत विश्व शर्मा ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कुछ विवादास्पद बयान दिए। उनके भाषण में हुसैनाबाद शहर का नाम बदलने की बात कही गई। आरोप के मुताबिक, शर्मा ने कहा कि ये हुसैन कौन है, जिसके नाम पर हुसैनाबाद है? इसका नाम बदल देंगे। ये हुसैन कहां से आया? मैं इसका नाम रामकृष्णा के नाम पर करूंगा। पूर्व विधायक और वर्तमान हुसैनाबाद विधानसभा के उम्मीदवार कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने इसे लेकर कड़ा ऐतराज जताया है। उनका कहना है कि हुसैनाबाद क्षेत्र में सभी समुदायों के बीच सदियों से आपसी सौहार्द और सौम्यता का संबंध रहा है। उनका कहना है कि मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के इस बयान का उद्देश्य दो समुदायों के बीच वैमनस्य फैलाना और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना था। मेहता ने आरोप लगाया है कि शर्मा ने जानबूझकर सांप्रदायिक उन्माद पैदा करने का प्रयास किया, जिससे समाज में विद्वेष और असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इसके आधार पर उन्होंने डालटनगंज के मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी की अदालत में उनके खिलाफ परिवाद दायर किया है। मेहता ने मांग की है कि हिमंत पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने और सामाजिक सौहार्द्र को बिगाड़ने के प्रयास का आरोप लगाकर सुसंगत धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई की जाए। कुशवाहा शिवपुजन मेहता ने राज अली और अक्षय मेहता को गवाह के रूप में नामित किया है और आवश्यक होने पर अन्य गवाह भी पेश किए जाएंगे।

सड़क दुर्घटना में ...

सवार थी। आगे सीट पर चालक के साथ साथ बैठीं युवती कनामिका नार्जरी और चालक दीपीद डे की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, पीछे की सीट पर बैठी अन्य एक युवती नेहा बसुमतारी और सफेद रंग की स्कॉर्पियो का चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दिवाली के मौके पर काले रंग की स्कॉर्पियो को दीपिद डे के पिता सामान्त डे ने हाल में ही खरीदा था। गुरुवार को दीपिद डे अपनी पुरानी वेगनार कार लेकर अपने पिता के साथ दीपावली के मौके पर घूमने गया था। बाप-बेटे दोनों शाम 7:00 बजे घर पहुंचे। इसके बाद दीपिद डे अपनी पुरानी कार लेकर दोस्तों के साथ दीपावली मनाने के लिए निकल पड़ा। रात तकरीबन 2:30 बजे गुवाहाटी के क्रिश्चियन बस्ती इलाके के श्रीनगर स्थित अपने घर पहुंचा। उसने अपनी वेगनार कार को पार्क करने के बाद दीपिद डे परिवार के किसी को बताए बिना अपने घर से नई स्कॉर्पियो लेकर निकल गया। इसके बाद यह हादसा हुआ। मृतक दीपिद डे गुवाहाटी के डाउन टाउन विश्वविद्यालय में बीबीए की पढ़ाई कर रहा था। इससे पहले वह बेंगलुरु में अध्ययन कर रहा था। अपने पिता पर दबाव बनाकर वह गुवाहाटी के डाउन टाउन विश्वविद्यालय में अपना दाखिला करवाया था। वहीं, कनामिका नार्जरी भी छात्रा थी। मृतक कनामिका कोकराझार जिले के झाड़ागुरी की रहने वाली थी। पुलिस दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

कमला ने हिंदुओं की ...

हिंदुओं की बातें कर रहे हैं। अब डोनाल्ड ट्रम्प को बांग्लादेश के हिन्दू तो वोट डालने नहीं आएंगे लेकिन फिर भी डोनाल्ड ट्रम्प बांग्लादेश में हिंदुओं की स्थिति को देख कर काफी चिंतित हैं। हैरानी की बात देखिए एक तरफ बोल रहे हैं कि वो अमेरिका से कट्टर मुस्लिम शरणार्थियों को निकाल देंगे ठीक उसी समय डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका में हिंदुओं की रक्षा करेंगे। डोनाल्ड ट्रम्प ने तो बांग्लादेश सरकार की धज्जियां उड़ा दी है। बांग्लादेश में हिंदुओं, ईसाइयों और अन्य अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के खिलाफ बर्बर हिंसा की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि वहां पूरी तरह अराजकता की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने कहा कि मेरे निगरानी में ऐसा कभी नहीं होता। कमला हैरिस और जो बाइडन ने दुनिया भर में तथा अमेरिका में हिंदुओं की अनदेखी की है। वे इजराइल से लेकर यूक्रेन और हमारी अपनी दक्षिणी सीमा तक तबाही मचा चुके हैं, लेकिन हम अमेरिका को फिर से मजबूत बनाएंगे और पूरी ताकत से शांति को वापस लाएंगे।

वीएचपी ने किया...

की आवाज उठाने के लिए ट्रंप का धन्यवाद। विनोद बंसल ने विश्व के नेताओं से अपील करते हुए पूछा, इस्लामी देशों में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों पर दुनिया के नेता चुप क्यों रहते हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर यूएन ह्यूमन राइट्स कमीशन को टैग करते हुए सवाल किया कि ह्यूमन राइट्स कमीशन कहां है और वह चुप क्यों है। प्रवक्ता विनोद बंसल ने आगे कहा कि हिंदू ही एकमात्र ऐसे लोग हैं जो न केवल बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान जैसे जिहादी ताकतों के प्रभाव वाले देशों में उत्पीड़न का सामना कर रहे हैं। बल्कि उनके उत्पीड़न से इनकार का भी सामना कर रहे हैं। इससे पहले ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा था कि मैं बांग्लादेश में हिंदुओं, ईसाइयों और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ बर्बर हिंसा की कड़ी निंदा करता हूं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी अल्पसंख्यकों पर हमले किए जा रहे हैं, लूटपाट हो रही है। बांग्लादेश पूरी तरह से अराजकता की स्थिति में है। इसके अलावा ट्रंप ने अपनी प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस और राष्ट्रपति जो बाइडेन पर आरोप लगाते हुए कहा कि इन्होंने दुनियाभर और अमेरिका में हिंदुओं को अनदेखा किया है। ट्रंप ने भारत का उल्लेख करते हुए कहा कि मेरी सरकार में हम भारत और मेरे अच्छे दोस्त प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपनी साझेदारी को और मजबूत करेंगे। उन्होंने कमला हैरिस पर निशाना साधते हुए कहा, कमला हैरिस टैक्स बढ़ाकर छोटे व्यवसायों को खत्म कर देगी, जबकि मैं टैक्स में कटौती करूंगा। पूर्व राष्ट्रपति ने दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुझे उम्मीद है कि यह रोशनी का त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत सुनिश्चित करेगा बांग्लादेश में पिछले महीनों में तख्तापलट हुआ था, जिससे देश के हालात बिगड़ गए थे। लोगों की भीड़ ने हिंदुओं पर हमले किए, जिनमें कई हिंदुओं की मौत हो गई और कई घायल हो गए। जिसके कारण कई घरों में आगजनी और लूटपाट की घटनाएं भी सामने आईं।

त्योहारों में भरा...

करोड़ रुपए जीएसटी कलेक्शन रहा था। जीएसटी रिफंड्स जारी करने के बाद कुल कलेक्शन अक्तूबर महीने में 8 फीसदी के उछाल के साथ जीएसटी कलेक्शन 1,68,041 करोड़ रुपए रहा है। अक्तूबर महीने के लिए गुड्स एंड सर्विसेज का ग्रॉस और नेट क्लेक्शन का डेटा जारी किया गया है। इस महीने में कुल जीएसटी रेवेन्यू 1,87,346 करोड़ रुपए रहा है, जिसमें सीजीएसटी रेवेन्यू 33,821 करोड़ रुपए, एसजीएसी रेवेन्यू 41,864 करोड़ रुपए आईजीएसटी 54,878 करोड़ रुपए और सेस से 11,688 करोड़ रुपए आया है। ग्रॉस डोमेस्टिव रेवेन्यू में 10.6 फीसदी का उछाल देखने को मिला है। इंपोर्ट्स के मोर्चे पर आईजीएसटी से 44,233 करोड़ रुपए और सेस से 862 करोड़ रुपए का रेवेन्यू आया है। कुल जीएसटी कलेक्शन 1,87,346 करोड़ रुपए रहा है जिसमें 19,306 करोड़ रुपए जीएसटी रिफंड जारी किया गया है। बीते वित्त वर्ष के अक्तूबर महीने में 16,335 करोड़ रुपए रिफंड जारी किया गया था यानि इस अक्तूबर महीने में रिफंड देने में 18.2 फीसदी का उछाल आया है।

मिजोरम में 2500...

गृहस्थी दोनों लाभार्थी एनएफएसए के अंतर्गत आते हैं। जबकि सफेद कार्डधारक इसके अंतर्गत नहीं आते हैं। पहले राज्य के खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामलों के मंत्री बी लालछनजोवा ने कहा था कि सरकार मौजूदा राशन कार्ड प्रणाली को संशोधित करने की तैयारी कर रही है। शुक्रवार को एक कार्यक्रम में सीएम लालदुहोमा ने हैंडहोल्डिंग योजना के महत्व पर जोर दिया। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए प्रयासरत मेहनती व्यक्तियों को सशक्त बनाना है। योजना के तहत सरकार बैंकों से ऋण लेने वाले लाभार्थियों के लिए गारंटर के रूप में कार्य करेगी और उन ऋणों पर ब्याज सब्सिडी प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने एलान किया कि मांस प्रसंस्करण उद्योग को हैंडहोल्डिंग नीति में एकीकृत किया जाएगा। जिससे स्थानीय उद्यमियों को और अधिक सहायता मिलेगी।

एयरपोर्टों को बम ...

उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री के नाम एक ई-मेल भेजकर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। इसके बाद नागपुर पुलिस सतर्क हो गई। पुलिस ने जांच पड़ताल के दौरान ई-मेल भेजने वाले व्यक्ति की पहचान जगदीश उईके के रूप में की पहचान की। इससे पूर्व भी जगदीश को वर्ष 2011 में आतंकवादियों पर लेख लिखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। जांच के दौरान पता चला कि जगदीश ने 21 अक्तूबर को नागपुर पुलिस स्पेशल ब्रांच टीम को एक ई-मेल भेजा था। जगदीश के अनुसार देश के छह एयरपोर्ट आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के निशाने पर हैं। इसके अलावा विभिन्न एयरलाइंस के 31 विमानों का अपहरण कर लेने की बात कही गई। उसके पास गुप्त टूलकिट *कोड 25एमबीए -एमटीआर-10* है। इस कोड का मतलब है पांच बाजार, पांच बस अड्डे, छह हवाई अड्डे, पांच मंदिर, पांच रेलवे स्टेशन। इसमें बताया गया है कि यह तो ट्रेलर है, पूरी फिल्म अभी बाकी है। उन्होंने 28 अक्तूबर तक फड़णवीस से मिलने के लिए भी लिखा था। विशेष शाखा पुलिस जांच पड़ताल के बाद जगदीश उइके को गुरुवार दोपहर को हिरासत में लिया। साइबर सेल के साथ ही पुलिस उपायुक्त लोहित मतानी ने जगदीश से गहन पूछताछ की। इस बारे में जानकारी साझा करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि जगदीश पिछले दो सप्ताह से दिल्ली में था। नागपुर पुलिस कि टीमे उसे ढूंढने के लिए छापे मार रही थी। इसके बाद पुलिस उपायुक्त मतानी की अगुवाई वाली टीम जगदीश की गतिविधियों की गहनता से जांचकर रही गई। पुलिस सूत्रों के पूछताछ के दौरान जगदीश सहयोग नही कर रहा है। पुलिस के हर सवाल का जगदीश गोलमोल जवाब दे रहा है।

अब से 120 नहीं...

की अवधि तय है। यह उन यात्रियों के लिए राहत की बात है, जो इन ट्रेनों में यात्रा करते हैं। इसके अलावा, विदेशी पर्यटकों के लिए 365 दिनों की बुकिंग सीमा में भी कोई बदलाव नहीं किया गया है, जिससे वे पहले की तरह लंबी अवधि के लिए रिजर्वेशन कर सकेंगे। रेल मंत्रालय के अनुसार, इस निर्णय का उद्देश्य टिकटों की निरस्ती की समस्या को कम करना है। रेलवे ने बताया कि 120 दिन की एडवांस बुकिंग के दौरान लगभग 21 प्रतिशत टिकट निरस्त किए जाते थे, जबकि 4 से 5 प्रतिशत लोग यात्रा ही नहीं करते थे। इससे न केवल रेलवे को आर्थिक नुकसान होता था, बल्कि जरूरतमंद यात्रियों को भी समस्या का सामना करना पड़ता था, जिन्हें टिकट पाने के लिए संघर्ष करना पड़ता था। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि पहले से बुक किए गए टिकटों पर इस नए नियम का कोई असर नहीं पड़ेगा। रेलवे का मानना है कि 120 दिन की अवधि बहुत लंबी होती है, और यह निर्णय यात्रियों की सुविधा और रेलवे के संचालन को बेहतर बनाने के लिए किया गया है। दिवाली जैसे त्योहारों के समय ट्रेनों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए यह बदलाव अत्यंत महत्वपूर्ण है। त्योहारों के दौरान, कई लोग अपने गांवों की यात्रा करते हैं, जिसके कारण ट्रेनों में सीटें कम हो जाती हैं। कई यात्रियों को सामान्य श्रेणी में यात्रा करनी पड़ती है, जिससे उन्हें अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। रेलवे का यह नया नियम कालाबाजारी और अवैध वसूली पर भी अंकुश लगाने में सहायक होगा। टिकट बुकिंग की अवधि में समय-समय पर बदलाव होते आए हैं। पहले, यात्रियों को 45 दिन और 90 दिन की अवधि में टिकट बुक करने की अनुमति थी। 25 मार्च 2015 को रेल मंत्रालय ने इसे बढ़ाकर 120 दिन किया था, उस समय यह तर्क दिया गया था कि इससे दलालों को निराशा होगी और कैंसिलेशन चार्ज भी ज्यादा देना होगा। अब एक बार फिर रेलवे ने इस अवधि को 60 दिन कर दिया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। जिन यात्रियों ने पहले से टिकट बुक करवा रखा है, उन्हें नए नियमों का पालन नहीं करना पड़ेगा। रेलवे ने यह स्पष्ट किया है कि नया नियम 1 नवंबर 2024 से लागू होगा। 31 अक्तूबर तक की गई बुकिंग पर इसका असर नहीं होगा। हालांकि, अगर किसी ने 60 दिनों के आगे की टिकट अभी से बुक कर ली है, तो उसे कैंसिल करने के लिए पुराने नियमों के अनुसार ही प्रक्रिया अपनानी होगी। नए नियमों का उद्देश्य यात्रियों की सुविधा और रेलवे के संचालन को बेहतर बनाना है। रेलवे का मानना है कि इस बदलाव से यात्री बेहतर सेवा प्राप्त करेंगे और टिकट बुकिंग में ज्यादा पारदर्शिता होगी। इसके अलावा, यात्री अब अधिकतम 60 दिन पहले टिकट बुक कर सकेंगे, जिससे उन्हें यात्रा की योजना बनाने में सुविधा होगी। इस बदलाव का प्रभाव त्योहारों के समय विशेष रूप से देखने को मिलेगा, जहां यात्री अब अधिक आराम से यात्रा कर सकेंगे। रेलवे ने स्पष्ट किया है कि यह निर्णय सभी संबंधित पक्षों के हित में है और यात्रियों को बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए किया गया है। रेलवे की यह पहल न केवल यात्रियों की परेशानियों को कम करेगी, बल्कि इससे रेलवे की सेवाओं में भी सुधार होगा।

हिजबुल्ला के हमले ...

लड़ाकू विमानों ने सीरिया के मध्य और दक्षिणी हिस्सों में कुछ सैन्य ठिकानों पर हवाई स्ट्राइक की। एक और गंभीर घटना में, उत्तरी इजरायल पर हिजबुल्ला के रॉकेट हमलों में मेटुला और हाइफा के पास कृषि क्षेत्रों में सात लोगों की जान चली गई। गौतम अधिकारी अनुसार, गुरुवार सुबह मेटुला के पास हिजबुल्ला ने लेबनान से एक रॉकेट दागा, जो एक सेब के बगीचे में गिरा, जिसमें पांच लोग मारे गए। कुछ समय बाद, किर्यत अता के हाइफा उपनगर के बाहर एक जैतून के बाग में दो और लोगों की मौत हो गई। इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने इस हमले की पुष्टि की और कहा कि सभी पीड़ित खेतिहर मजदूर थे, जिनमें एक इजरायली नागरिक और अन्य विदेशी नागरिक शामिल थे। आईडीएफ ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा कि हिजबुल्ला के रॉकेटों ने आज सात निर्दोष नागरिकों की जान ली है। हम इनके कोमल हमलों का जवाब देंगे। इसके अलावा, इजरायल ने गुरुवार को सीरिया में हिजबुल्ला की राडवान फोर्सेज की हथियार भंडारण सुविधाओं और कमांड सेंटरों को निशाना बनाया।

राजेश कुमार सिंह ...

वह रक्षा मंत्रालय में ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी (रक्षा सचिव नामित) के रूप में कार्यरत थे। अपने नए पद की जिम्मेदारी संभालने से पहले, उन्होंने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर जाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि देश के बहादुर सैनिकों का बलिदान हमें सुरक्षा और समृद्धि के लिए प्रेरित करता है। राजेश कुमार सिंह ने हाल ही में वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में सचिव का कार्यभार संभाला था। इसके अलावा, उन्होंने पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन मंत्रालय में भी महत्वपूर्ण पदों पर काम किया है। उनके अनुभव में शहरी विकास मंत्रालय, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, और कृषि विभाग जैसे कई अन्य मंत्रालय शामिल हैं। राजेश कुमार सिंह ने आंध्र प्रदेश कैडर के 1988 बैच के आईएएस अधिकारी गिरिधर अरमाने का स्थान लिया है, जो 31 अक्तूबर, 2024 को सेवानिवृत्त हुए हैं।

आर्थिक सलाहकार परिषद् के ...

अंतर्दृष्टि और अकादमिक चर्चा के प्रति उनके जुनून को हमेशा याद रखूंगा। उनके निधन से दुखी हूं। उनके परिवार और दोस्तों के प्रति मेरी संवेदनाएं। बिबेक देबरॉय प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत थे। वे वित्त मंत्रालय की अमृतकाल के लिए बुनियादी ढांचे के वर्गीकरण और वित्तपोषण ढांचे की विशेषज्ञ समिति के अध्यक्ष भी थे। देबरॉय भारत साल 2015 से 2019 तक सरकार के थिंक टैंक नीति आयोग के सदस्य भी रह चुके हैं। उन्हें साल 2015 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
संपादक : राकेश शर्मा, मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 (संपादकीय)** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **(सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)**

भाजपा प्रत्याशी घटवार भारी मतों से जीतेंगे : हजारिका

मंत्री पीयूष हजारिका के समक्ष कांग्रेस कार्यकर्ता हुए भाजपा में शामिल

शोणितपुर (हिंस)। भाजपा विधायक पद्म हजारिका ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार दिगंत घटवार बिहाली से भारी मतों से जीतेंगे। विधायक हजारिका शुक्रवार को बिहाली स्थित भाजपा कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बिहाली 25 वर्षों से रंजीत दत्ता के गढ़ के रूप में जाना जाता है। बिहाली में भाजपा का दबदबा है। बिहाली के आसपास के सभी निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा शांतिपूर्ण तरीके से प्रचार कर रही है। लेकिन, सामागुरी, कांग्रेस सांसद रकीबुल हुसैन का गढ़ है, वहां कांग्रेस का दबदबा है। इसीलिए सामागुरी में चुनाव प्रचार सामान्य तौर पर नहीं हो पा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी के दबदबे वाले क्षेत्रों में कांग्रेस अशांति फैलाती है। तरुण गोगोई के समय बिहाली, बिश्वनाथ और पूरे असम में अराजकता का माहौल था। लेकिन, गौरव गोगोई उस समय संसद में चिल्ला नहीं रहे थे। विधायक ने बिहाली में हाथी-मानव संघर्ष के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि हाथी-मानव संघर्ष को कम करने के लिए भाजपा सरकार ने बिहाली वन क्षेत्र में सैकड़ों हेक्टेयर भूमि पर पेड़ लगाए हैं। विधायक ने कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान हत्या और हिंसा की कई घटनाओं का हवाला दिया और आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के दौरान सरकार आतंकवादियों के समान चल रही थी। यह पूछे जाने पर कि क्या पद्म हजारिका उत्तरी तट के डॉन हैं, विधायक ने कहा कि अगर मैं कांग्रेस की धमकियों और भ्रष्टाचार के खिलाफ बोलता हूं, तो वे मुझे डॉन कहते हैं। ऐसे में मैं असम के लोगों के लिए डॉन बनने में संकोच नहीं करूंगा। उन्होंने गौरव गोगोई को चुनौती दी कि वे पद्म हजारिका के खिलाफ बोलने के बजाय आमने-सामने बैठकर डिबेट करें। इसी बीच, आज मंत्री पीयूष हजारिका और कमलपुर के विधायक दिगंत कलिता की मौजूदगी में कई कांग्रेसी नेता भाजपा में शामिल हुए। शामिल होने वालों में पंकज बर्मन, जिला सचिव, युवा कांग्रेस और जाराबारी मंडल के कई अन्य लोग शामिल हैं।

नलबाड़ी रास में अभिनय करेंगे अरुण गोविल : दीपिका



नलबाड़ी (हिंस)। रामायण सीरियल में राम और सीता का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल और दीपिका इस बार नलबाड़ी रास महोत्सव की शोभा बढ़ाएंगे। नलबाड़ी रास आयोजन समिति के अनुसार रास महोत्सव के दौरान ये दोनों ही सुप्रसिद्ध कलाकार राम और सीता का अभिनय करेंगे। इस बार रास महोत्सव में दस थिएटर कंपनियां अपने कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। ज्ञात हो कि 15 नवंबर से शुरू होने वाले रास महोत्सव को लेकर राज्यभर में व्यापक पैमाने पर तैयारियां चल रही हैं। नलबाड़ी, पलाशबाड़ी, माजुली समेत राज्य के अनेक स्थानों पर रास महोत्सव आयोजित करने की तैयारी चल रही है। रास महोत्सव आयोजन स्थलों पर विभिन्न प्रकार की रंगारंग झांकियां तैयार की जा रही है। वहीं, इस मौके पर रासलीला कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए कलाकार अपने-अपने तरीके से रिहर्सल आदि करने में लगे हुए हैं। राज्य सरकार द्वारा सभी रास महोत्सवों को 25-25 हजार रुपये की सहायता देने की घोषणा को लेकर रास के आयोजकों का उत्साह दोगुना हो चुका है। राज्य में हर तरफ रासलीला की तैयारियां चल रही है।

पूसीरे चला रहा त्योहारी स्पेशल अतिरिक्त ट्रेनें

गुवाहाटी (हिंस)। पूसी रेलवे ने त्योहारी सीजन के दौरान अतिरिक्त भीड़ को कम करने और यात्रियों की सुखद यात्रा सुनिश्चित करने के लिए चार और त्योहारी स्पेशल ट्रेनों के परिचालन का निर्णय लिया है। ये ट्रेनें न्यू कूचबिहार-सियालदह, कटिहार-उधना, कटिहार-अमृतसर और कोलकाता-सहरसा के बीच चलेंगी। पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कपिंजल किशोर शर्मा ने बताया कि स्पेशल ट्रेनों में ट्रेन संख्या 05474 (न्यू कोचबिहार - सियालदह) वन-वे स्पेशल 01 नवंबर को न्यू कोचबिहार से 21:30 बजे रवाना हुई और अगले दिन सियालदह 10:00 बजे पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 09047 (उधना - कटिहार) स्पेशल 01 नवंबर को उधना से 00:20 बजे रवाना हुई और अगले दिन कटिहार 14:00 बजे पहुंचेगी। वापसी दिशा में, ट्रेन संख्या 09048 (कटिहार-उज्जैन) स्पेशल 02 नवंबर को कटिहार से 17:00 बजे रवाना होगी और अगले दिन उज्जैन 23:30 बजे पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 04664 (अमृतसर-कटिहार) स्पेशल 02 नवंबर को अमृतसर से 13:25 बजे प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन कटिहार 03:00 बजे पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 04663 (कटिहार-अमृतसर) स्पेशल 04 नवंबर को कटिहार से 06:00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन अमृतसर 20:00 बजे पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 03117 (कोलकाता- सहरसा) स्पेशल 02 नवंबर को कोलकाता से 08:50 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन सहरसा 22:00 बजे पहुंचेगी। वापसी दिशा में, ट्रेन संख्या 03118 (सहरसा-कोलकाता) स्पेशल 3 नवंबर को सहरसा से 01:00 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन कोलकाता 15:30 बजे पहुंचेगी।

असम और मणिपुर के राज्यपाल ने सेनापति जिले का किया दौरा

सीआरपीएफ जवानों के साथ मनाई दिवाली

इंफाल (हिंस)। त्यौहार के अवसर पर अपने घरों से दूर तैनात वर्दीधारी जवानों के साथ खुशियां बांटने के लिए, असम और मणिपुर के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने आज मणिपुर के सेनापति जिला मुख्यालय का दौरा किया और वहां सीआरपीएफ जवानों के साथ दिवाली मनाई। राज्यपाल ने दिवाली के अवसर पर अधिकारियों और जवानों को बधाई दी और उनके खुशहाल जीवन की कामना की। उन्होंने इस अवसर पर सीआरपीएफ जवानों के साथ मिठाई बांटी और बड़ाखाना में शामिल हुए। इससे पहले, राज्यपाल ने जिला मुख्यालय के एस्ट्रो टर्फ ग्राउंड में *संस्कृति और पहचान के माध्यम से शांति* विषय पर आयोजित एक प्रदर्शनी सह पारंपरिक खाद्य बुफे का उद्घाटन किया। कार्यक्रम का आयोजन मणिपुर नॉर्थ इकोनॉमिक डेवलपमेंट एसोसिएशन, (एमएएनईडीए) द्वारा किया गया था। राज्यपाल ने दिव्यांग बच्चों और महिलाओं द्वारा प्रस्तुत शानदार प्रदर्शन भी देखा। राज्यपाल आचार्य ने सेनापति में उपायुक्त कार्यालय में सीएसओ के प्रतिनिधियों के साथ भी बातचीत की। उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय पहुंचने पर राज्यपाल का डीसी सेनापति मामोनी डोले ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

आग में 10 घर जलकर राख, एक की मौत

शिवसागर (हिंस)। शिवसागर जिला शहर में लगी आग के दौरान देखते ही देखते 10 घर जलकर राख हो गये। आग की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि दीपावली की रात शिवसागर सदर थाने के निकट तेलीपट्टी में आग लगने की जानकारी मिलती ही मौके पर पहुंची कई अग्निशमन की टीम बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझाए जाने तक दस घर पूरी तरह जलकर राख हो चुके थे। आग की चपेट में आने से राम जतन महतो नामक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, अन्य एक व्यक्ति को गंभीर अवस्था में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, कई लोग आग बुझाने के चक्कर में आग की लपटों से झुलस गए। हालांकि, आग कैसे लगी इसकी जानकारी नहीं लग पाई है। पुलिस ने आशंका व्यक्त किया है कि दीपावली के लिए जलाए गए दिए, मोमबत्ती या पटाखे की चिंगारी से आग लगी होगी। आग की वजह से लाखों रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है। पुलिस इस संबंध में ए प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

पांच किग्रा याबा टैबलेट के साथ तस्कर गिरफ्तार

कार्बी आंग्लांग (हिंस)। कार्बी आंग्लांग पुलिस ने भारी मात्रा में याबा टैबलेट समेत एक ड्रग्स तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर चलाए गए अभियान के दौरान जिले के डिलाई तीनाली इलाके में लगाए गए नाका चेकिंग के दौरान 25 पैकेट में छुपाकर रखे गए लगभग 50 हजार याबा टैबलेट के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। जब्त की गई याबा टैबलेट का वजन लगभग 5.302 किलोग्राम आंका गया है। बरामद याबा टैबलेट की कीमत करोड़ों रुपए आंकी गई है। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार तस्कर से सघन पूछताछ कर रही है।

भारी मात्रा में हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

कामरूप (हिंस)। असम पुलिस के स्पेशल टास्क फोर्स ने भारी मात्रा में हेरोइन के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ द्वारा शुक्रवार को दी गई जानकारी के अनुसार एक गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ के एडिशनल एसपी कल्याण कुमार पाठक के नेतृत्व में एसटीएफ की एक टीम ने जिले के पलाशबाड़ी में एक वाहन (एएस-01ईएल- 8258) को रोका और उसकी तलाशी ली। तलाशी में 325 ग्राम वजन वाली हेरोइन से भरे 25 साबुन के डिब्बे बरामद किए। इस संबंध में वाहन जब्त किया गया, जिसका इस्तेमाल प्रतिबंधित मादक पदार्थ के परिवहन के लिए किया गया था।

पक्षी गणना के बाद दिघालीपुखुरी में 35 पक्षी प्रजातियां पाई गईं

गुवाहाटी। दिघालीपुखुरी क्षेत्र में फ्लाईओवर बनाने के लिए कई पेड़ों को काटने के राज्य सरकार के कदम से शहर में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया, जिसके बाद गुरुवार को असम पक्षी निगरानी नेटवर्क (एबीएमएन) द्वारा क्षेत्र में की गई पक्षी गणना में प्रवासी प्रजातियों सहित 35 पक्षी प्रजातियों की उपस्थिति पाई गई। ऐतिहासिक जलाशय के किनारे लगे सदियों पुराने पेड़ कई पक्षी प्रजातियों के लिए बसेरा और प्रजनन स्थल रहे हैं। पक्षियों की गणना में शहर भर से 38 लोगों ने हिस्सा लिया। एक प्रतिभागी ने कहा कि दिघालीपुखुरी के आसपास के पेड़ों पर अनेक पक्षी प्रजातियां निवास करती हैं, जो उनके अपार पारिस्थितिक महत्व को प्रमाणित करती हैं। यदि हम इनमें से किसी भी पेड़ को खो देते हैं, तो हम इस क्षेत्र में पनपने वाले इन सुंदर पक्षियों के आवास को भी खो देंगे। कथित तौर पर, पक्षी गणना में लगभग 35 प्रजातियों के पक्षी पाए गए। गुरुवार को चार प्रवासी प्रजातियां - सफेद वैगटेल, पीले-भूरे रंग का वार्बलर, टैगा फ्लाईकैचर और ब्लैक काइट (काले-कान वाले) दर्ज किए गए। दिसंबर के बाद से प्रवासी प्रजातियों की संख्या और विविधता में वृद्धि होने की उम्मीद है। एबीएमएन एक अनौपचारिक समूह है जो बिहू बर्ड काउंट (बीबीसी) जैसे आयोजनों के माध्यम से असम में पक्षी विविधता की निगरानी और उसका दस्तावेजीकरण करता है। बिहू बर्ड काउंट एक नागरिक विज्ञान परियोजना है जिसे असम बर्ड मॉनिटरिंग नेटवर्क के तहत बर्ड काउंट इंडिया के सहयोग से आयोजित किया जाता है। बीबीसी एक त्रिस्तरीय तंत्र का पालन करता है जहां राज्य समन्वयक, जिला समन्वयक और स्थानीय समन्वयक एक साथ मिलकर संवाद करते हैं। बिहू बर्ड काउंट संस्थागत रूप से एमसीकॉलेज, बरपेटा से संबद्ध है, आईआईटी गुवाहाटी, और पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय, खानापाड़ा।

एसिड अटैक का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

कामरूप (हिंस)। हाजो के खोपनीकुची में किए गए एसिड अटैक के मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान हाजो हाबलाखा निवासी समीनुल इस्लाम के रूप में हुई है। पुलिस ने आज बताया कि परिजनों की शिकायत के आधार पर हाजो पुलिस ने समीनुल को गिरफ्तार कर लिया। उल्लेखनीय है कि बीते मंगलवार की रात आरोपी के द्वारा सोते समय किए गए एसिड अटैक में एक परिवार की मां, बेटी और बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। समीनुल पर परिवार की किशोरी को निशाना बनाकर एसिड अटैक करने का आरोप है। समीनुल ने प्रेम जनित कारणों से एसिड अटैक किया। लड़की, उसकी मां और उसके भाई पर हमला किया गया।

बांग्लादेश के दो घुसपैठियों को वापस भेजा : मुख्यमंत्री

गुवाहाटी (हिंस)। पुलिस ने बांग्लादेश के दो घुसपैठियों को पकड़ लिया और बाद में दोनों को सीमा पार बांग्लादेश वापस भेज दिया गया। मुख्यमंत्री ने सीमा पार से घुसपैठ रोकने के लिए पुलिस की सराहना की है। मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर कहा कि सरकार घुसपैठ के खिलाफ पूरी तरह से जागरूक है। जिसके परिणामस्वरूप करीमगंज में भारत-बांग्लादेश सीमा पर असम पुलिस ने कबीर सिकदर और मो. सेलीम नामक दो बांग्लादेशी घुसपैठियों को पकड़ लिया था। बाद में उन्हें सीमा पार बांग्लादेश वापस भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि वह दिन-प्रतिदिन अपने पुलिसकर्मियों के कार्य की सराहना करते हैं, जिन्होंने सीमाओं की रक्षा करके घुसपैठ रोकने में सहायता की है।

लायंस उमंग का नि:शुल्क हृदय जांच शिविर आयोजित

गुवाहाटी। मानव सेवा के लिए कार्यरत लायंस क्लब ऑफ गुवाहाटी उमंग की ओर से नि:शुल्क हृदय जांच शिविर का आयोजन जू रोड स्थित शुभम बिल्डवेल में किया गया। क्लब की जनसंपर्क अधिकारी सुनिता पारीक ने बताया कि अध्यक्ष पायल चड्ढा के नेतृत्व में नॉर्थ ईस्ट हार्ट एसोसिएशन (नेहा) के सहयोग से शिविर का आयोजन वहां के सुरक्षाकर्मी, कर्मचारी व जरूरतमंद लोगों के लिए किया गया। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. रिमा दास मल्लिक ने बताया कि आयोजित शिविर में 37 जरूरतमंद लोगों के नि:शुल्क ईसीजी की गई। शिविर में पूर्व डीजीपी जीएम श्रीवास्तव, सुधा श्रीवास्तव, नेहा संस्था से बेला नावका, अपोलो हॉस्पिटल से डॉ. मैत्री बरुआ, डॉ. मिमांशा कलिता, डॉ. विकास बोरा, अरही अस्पताल से डॉ. विरगानिया संगप्लायंग, डॉ. वासिम बोरा, पलाश भुइंया, रितिका सिकड़िया, दामिनी काकोती ने अपनी सेवाएं प्रदान की। वहीं शिविर को सफल बनाने में क्लब की ओर से अध्यक्ष पायल चड्ढा, सविच स्वाती चौधरी, कोषाध्यक्ष बबिता मोर, डॉ. रिमा दास, कृति अग्रवाल, सरोज खेतान, निधी अग्रवाल, संगीता मोर, प्रीति खेतान आदि सदस्याओं का भरपूर सहयोग रहा।

भगवान महावीर निर्वाणोत्सव एवं दिपावली मिलन समारोह का आयोजन



गुवाहाटी। हर वर्ष की भांति इस साल भी भगवान महावीर के 2550वें निर्वाण महोत्सव के पावन अवसर पर फैंन्सी बजार स्थित दिगम्बर जैन (बड़ा) मंदिर एवं एम एस रोड स्थित भगवान महावीर धर्म स्थल में विभिन्न कार्यक्रमों को संपादित किया गया। इस अवसर पर आज प्रात: 5:00 बजे मंदिर में श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा व तीनों वेदियों तथा एसी हॉल में श्री जी के चरणों में सर्वप्रथम निर्वाण लाडू समर्पित करने का सौभाग्य मदनलाल- फूलचंद पहाड़िया (सपरिवार), महेंद्र कु.- विकास कु. काला (सपरिवार), मुनि सुब्रतनाथ बेदी संयोजक कमल कुमार सेठी, फूलचंद- मनीष कु.-गंगवाल(सपरिवार) को प्राप्त हुआ। तत्पक्षात प्रात: 8:00 बजे भगवान महावीर धर्मस्थल में श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन आदि के पश्चात आनंद कुमार- रतन प्रभा सेठी (सपरिवार) एवं 24 सौभाग्यशाली परिवार द्वारा सामूहिक निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। प्रचार प्रसार के मुख्य संयोजक ओम प्रकाश सेठी ने बताया कि श्रीजी के निर्वाणोत्सव के उपलक्ष में मंदिर जी में संध्याकालीन आरती का आयोजन किया गया। रामचंद्र सेठी के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में समाज की महिलाओं द्वारा 101 दिपक से श्रीजी की आरती की गई। इससे पूर्व आज प्रात:9 बजे से श्री दिगंबर जैन यूथ फेडरेशन के तत्वाधान में महावीर स्थल में दिपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर अपने संबोधन में पंचायत के अध्यक्ष महावीर जैन (गंगवाल) ने कहां की होली व दीपावली के त्योहारों के बाद हम उम्र का अभिवादन करना एवं बड़ों से आशीर्वाद लेने की पुरातन भारतीय परंपरा को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से समाज के लोगों ने एक जगह एकत्रित होकर सामाजिक एकता और सौहाद्र का भूतपूर्व प्रदर्शन किया है। कार्यक्रम का संचालन मंत्री वीरेंद्र कुमार सरावगी ने किया। प्रचार प्रसार के सहसंयोजक सुनील कुमार सेठी ने बताया कि कार्यक्रम में समाज के गणमान्य व्यक्तियों के अलावा काफी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन श्रीजी की महाआरती के साथ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित सभी महानुभावों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था कि गई।

जबरन वसूली के आरोप में *दूर्नीतिर दर्पण* के संपादक गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में

गुवाहाटी। *दूरनीतिर दर्पण* (भ्रष्टाचार का आईना) के संपादक सईद अली खान को एक सरकारी कर्मचारी से पैसे ऐंठने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। भ्रष्टाचार के खिलाफ अपने अभियान के लिए जाने जाने वाले खान पर अब धमकी और जबरन वसूली के गंभीर आरोप लगे हैं, जो उनकी प्रतिष्ठा में नाटकीय गिरावट का संकेत है। यह घटना समाज कल्याण विभाग के एक सम्मानित सदस्य और एक प्रसिद्ध कलाकार तरुण कुमार मित्रा द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के बाद हुई। मित्रा द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी (एफआईआर) के अनुसार, खान और उनके सहयोगी नासिर अली ने 29 अक्टूबर, 2024 को गोलकगंज ब्लॉक परिसर में उनके कार्यालय में उनका सामना किया। उन्होंने कथित तौर पर 30,000 रुपये की मांग की, अगर उन्होंने ऐसा नहीं किया तो उनके खिलाफ हानिकारक और झूठे आरोप प्रकाशित करने की धमकी दी। खास आरोपों की कमी के बावजूद, दोनों लोगों ने मित्रा पर 10,000 रुपये देने के लिए दबाव डाला, जिसका भुगतान गोलकगंज स्थान पर किया गया। बिना किसी डर के, खान ने कथित तौर पर उस दिन बाद में मित्रा के घर जाकर अतिरिक्त 3,000 रुपये की मांग की। लगातार फोन कॉल के साथ उत्पीड़न बढ़ता गया, जिसके दौरान खान और अली ने शेष राशि पर जोर दिया। मित्रा ने अपनी सुरक्षा के लिए गहरी चिंता व्यक्त की, तथा इस बात पर प्रकाश डाला कि इस घटना ने उनके मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर कितना गहरा असर डाला है। खान को 31 अक्टूबर को अंतिम 5,000 रुपये लेने की कोशिश करते समय पकड़ा गया था। मित्रा की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने उसे लेन-देन करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। हालांकि, नासिर अली भागने में सफल रहा और अभी भी फरार है। गिरफ्तारी के बाद, जांच जारी रहने तक सईद अली खान को शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

सम्पादकीय

आज लोगों का भरोसा क्यों है टाटा कंपनी पर

आज लोगों का अटूट भरोसा टाटा कंपनी पर आखिर क्यों है इसपर उस बुरे दौड़ की एक सच्ची घटना से मिलती है यह घटना वर्ष 1946 की है यह वर्ष 1946 की बुरे दौर में विश्वास की घटना था जब जर्मनी द्वितीय विश्व युद्ध से तबाह हो चुका था। मित्र राष्ट्रों ने युद्ध जीत लिया था, और म्यूनिख सहित कई जर्मन शहरों को ब्रिटिश रॉयल एयर फोर्स ने बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया था। म्यूनिख, जर्मनी के बवेरियन क्षेत्र की खूबसूरत राजधानी और देश के डीजल इंजन उत्पादन का केंद्र, कई हवाई हमलों का सामना कर चुका था। पूरे शहर का आधे से ज्यादा हिस्सा क्षतिग्रस्त या नष्ट हो चुका था। उस साल एक सुबह, म्यूनिख रेलवे स्टेशन पर, देखने को मिली जब प्रतिष्ठित जर्मन इंजीनियरिंग कंपनी क्रॉस माफी के निदेशक भारत से अपने मेहमानों के आने का इंतजार कर रहे थे।क्रॉस माफी 1838 में स्थापित, विभिन्न प्रकार के इंजनों का एक अग्रणी निमार्ता था, और एक अच्छी प्रतिष्ठा वाली इंजीनियरिंग कंपनी थी। दुर्भाग्य से, कंपनी उस समय विश्व युद्ध से तबाह हो चुकी थी, क्योंकि उनके कारखाने मित्र देशों की सेनाओं द्वारा नष्ट कर दिए गए थे। भारत से आए मेहमान अपनी ट्रेन से उतरे वे भारत में टाटा समूह के निदेशक स्व जे आर डी टाटा थे। और उनके साथ चालीस वर्षीय इंजीनियर सुमंत मूलगांवकर थे, जो टेल्को (अब टाटा मोटर्स) का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। वे भारत में इंजनों के निर्माण के संबंध में क्रॉस माफी के साथ चर्चा करने के लिए म्यूनिख आए थे। इसके बजाय, उन्होंने जो देखा, वह जर्मनी में विनाश और बबार्दी का नजारा था। जर्मनों ने भारतीयों से अनुरोध किया कि वे अपने कुछ बेरोजगार इंजीनियरों को उनके परिवारों के साथ भारत ले जाएं और उन्हें नौकरी और आश्रय प्रदान करें। क्रॉस माफी के निदेशकों ने टाटा निदेशकों से कहा - वे बहुत कुशल लोग हैं। यदि आप उनका ख्याल रखेंगे तो वे जो भी कहेंगे, औड़ करेंगे। वे आपके लोगों को सिखा भी सकते हैं। यह औपचारिक अनुबंध के बिना किया जाना था, क्योंकि ब्रिटिश, जो अभी भी भारत पर शासन कर रहे थे, उस समय भारत में विश्व युद्ध के दौरान भारतीय कंपनियों को जर्मन निगमों के साथ कोई भी अनुबंध करने से मना कर दिया था। लेकिन यह अनुरोध अत्यावश्यक और बाध्यकारी था। क्योंकि उस वर्ष, कारखानों के नष्ट हो जाने के कारण, जर्मनी में बेरोजगारी व्याप्त थी, और तत्कालीन जर्मन मुद्रा, रीचमार्क लगभग बेकार हो गई थी। तत्कालीन टाटा के निदेशक ने इस अनुरोध पर सहमति व्यक्त की, और जर्मनों को आश्वासन दिया कि उनके लोगों की अच्छी तरह से देखभाल की जाएगी। क्रॉस माफी के जर्मन इंजीनियर तब भारत आए, और उन्हें टाटा समूह द्वारा अच्छी नौकरी और आवास प्रदान किया गया। उनका अच्छा ख्याल रखा गया, और उन्होंने टाटा मोटर्स को भी बहुत अच्छी सेवा प्रदान की। 1945 में, टाटा मोटर्स ने भाप इंजनों के निर्माण के लिए भारतीय रेलवे के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे और यहीं पर जर्मन इंजीनियरों ने बहुमूल्य तकनीकी विशेषज्ञता प्रदान की। उन्होंने कंपनी को इंजनों के निर्माण में मदद की, जो कंपनी के सबसे पहले उत्पादों में से एक थे। 1947 में, भारत स्वतंत्र हो गया। 1950 के दशक में, टाटा मोटर्स ने डेमलर बेंज के साथ मिलकर ट्रकों का निर्माण शुरू किया। म्यूनिख रेलवे स्टेशन पर उस मुलाकात को अब कई साल बीत चुके थे। जर्मनी युद्ध की तबाही से काफी हद तक उबर चुका था और पुनर्निर्माण के प्रयासों ने बहुत अच्छा परिणाम दिया था। इन खुशहाल वर्षों में से एक में, क्रॉस माफी के निदेशक को अचानक भारत से एक पत्र प्राप्त हुआ, जिसे पाकर वह आश्चर्यचकित हो गया। यह पत्र टाटा समूह से था। इसमें जर्मन इंजीनियरों की सेवाओं के लिए आभार व्यक्त किया गया था और इसमें जर्मनों द्वारा टाटा मोटर्स को हस्तांतरित किए गए कौशल के लिए क्रॉस माफी को मुआवजा देने की पेशकश की गई थी। क्रॉस माफी इस प्रस्ताव पर आश्चर्यचकित थे, यहाँ तक कि वे अचंभित भी थे कि कोई कानूनी अनुबंध नहीं था, और इसलिए टाटा समूह के लिए कोई मुआवजा देने की कोई बाध्यता नहीं थी। वास्तव में, मुझे लगता है, ऐसी कोई उम्मीद भी नहीं थी, क्योंकि टाटा समूह ने उन काले दिनों में बेरोजगार जर्मन इंजीनियरों को नौकरी और आश्रय प्रदान करके मदद की थी। इसलिए, टाटा के पत्र को पढ़कर जर्मन आश्चर्यचकित रह गए। यह कहानी कई सालों बाद, 1970 के दशक में, क्रॉस माफी के निदेशक द्वारा अरुण मैरा को सुनाई गई, जो उस समय टाटा मोटर्स के वरिष्ठ निदेशक थे। अरुण मैरा भारत के सबसे सम्मानित और प्रतिष्ठित व्यावसायिक विचारकों में से एक हैं।1970 के दशक में, रतन टाटा को टाटा समूह में प्रबंधकीय पद पर नियुक्त किया गया था। वह शुरू में सहायक कंपनी नेल्को) को पुनर्जीवित करने में सफल रहे, लेकिन आर्थिक मंदी के दौरान यह विफल हो गई। 2005 में इकोनॉमिक टाइम्स के लिए लिखे गए अपने एक विचारपूर्ण लेख में (इस अद्भुत लेख के लिए, श्री मैरा का धन्यवाद), उन्होंने याद किया कि कैसे मलेशिया में एक व्यापारिक लेन-देन के दौरान 2 बुजुर्ग जर्मन सज्जन उनसे मिले, उछल पड़े, उनसे हाथ मिलाया और उनके प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने उन्हें यह दिलचस्प कहानी सुनाई, जो उन्होंने कहा कि अब उनकी कंपनी की लोककथा का हिस्सा बन गई है। इस कहानी का एक दिलचस्प और अप्रत्याशित पहलू तब हुआ जब 1970 के दशक में टाटा मोटर्स को कानूनी रूप से बाध्यकारी वित्तीय गारंटी प्रदान करने के लिए कहा गया था, लेकिन उस समय भारत सरकार के नियमों के कारण इसे बहुत मुश्किल बना दिया गया था। यह मामला जर्मन बैंकरों के समक्ष उठाया गया, जिन्होंने कहा कि टाटा के लेटरहेड पर चेयरमैन द्वारा हस्ताक्षरित गारंटी चाहिए जो किसी भी बैंकर की गारंटी से अधिक मूल्यवान है!

बंटेंगे तो कटेंगे कोई नारा नहीं, सच्चाई है

लेखक - ललित गर्ग /ईएमएएस

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह एवं महासचिव श्री दत्तात्रेय होसबोले ने हिंदू समुदाय को जाति और विचारधारा के आधार पर विभाजित करने के प्रयासों के खिलाफ लोगों को आगाह करते हुए समाज और लोक कल्याण के लिए हिंदू एकता के महत्व पर भी जोर दिया है। अपने को बचाये रखने एवं दूसरों के मंगल के लिये हिन्दू एकता वर्तमान की बड़ी अपेक्षा है, इसलिये उन्होंने अपना विस्तृत दृष्टिकोण पेश करते हुए न केवल हिन्दू शब्द का विरोध करने वालों पर करारा प्रहार किया है, बल्कि देश में अराजकता का माहौल पैदा करने वाले मुस्लिम संगठनों पर भी सीधी चोट की है। विशेषतः नफरती एवं विघटनकारी सोच के लिये राहुल गांधी पर भी कड़ा प्रहार किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बंटोगे तो कटोगे बयान का समर्थन करते हुए कहा कि वर्तमान हालात में हिन्दू एकता बनाए रखना आवश्यक है, क्योंकि कई जगहों पर धर्मांतरण की घटनाएं हो रही हैं। गणेश पूजा और दुर्गा पूजा के दौरान कुछ स्थानों पर हिन्दुओं पर हमले हुए हैं। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर तरह-तरह के अत्याचार हो रहे हैं। हिन्दुओं पर लगातार हो रहे हमलों एवं उन्हें विभाजित किये जाने की साजिशों को नियंत्रित करने के लिये हिन्दू को संगठित होना ही चाहिए। दत्तात्रेय ने जहां हिन्दुओं को जगाया वहीं राजनीतिक दलों की नींद उड़ा दी, विपक्ष विशेषतः कांग्रेस की हिन्दू विरोधी सोच का पदार्पाश किया। श्री होसबोले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक में हिन्दू समाज को जाति, भाषा एवं प्रांत के भेद में बांटने के विपक्षी दलों के प्रयासों की चर्चा करते हुए कहा कि हम बंटेंगे तो निश्चित रूप से कटेंगे, इसलिये हिन्दू समाज में एकता आवश्यक है। उन्होंने इसे जीवन मंत्र जैसा बताया। दिया। उन्होंने देश के सामने कुछ ऐसी बड़ी चुनौतियों को भी रेखांकित किया, जिसे लेकर राजनीतिक दलों एवं साम्प्रदायिक संगठनों की भृकुटि कुछ तन गई है। मथुरा स्थित गऊ ग्राम परखम के दीनदयाल उपाध्याय गौ विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र में आयोजित 25 और 26 अक्टूबर 2024 की इस बैठक में संघ के सभी 46 प्रांतों के प्रांत एवं सह प्रांत संघचालक, कार्यवाह तथा प्रचारकों ने हिस्सा लिया। योगी आदित्यनाथ ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान एक रैली में हिंदुओं को जातियों में बांटने की विपक्षी दलों की रणनीति के प्रति आगाह करते हुए कहा था कि विपक्ष चाहता है कि मुसलमान एकजुट होकर ताकतवर और हिंदू जातियों में विभाजित होकर कमजोर बने रहें। योगी आदित्यनाथ ने पड़ोसी देश में मुसलमानों के हाथों बेगुनाह हिंदुओं के मारे जाने का हवाला देकर कहा था कि बंटेंगे तो कटेंगे। इस बयान की विपक्ष ने कड़ी आलोचना की, हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने अलग-अलग तरह से इस संदेश को आगे बढ़ाया है। इसी कड़ी में सरकार्यवाह होसबाले हिन्दू एकता एवं संगठन की आवश्यकता व्यक्त की। सरकार्यवाह होसबोले एक सक्रिय, साहसी, चिन्तनशील, राष्ट्रयोद्धा, समाजसुधारक और बदलाव लाने वाले संघ नेता हैं। वे देशहित में अच्छी रचनात्मक एवं सृजनात्मक बातें करते हैं, बदलाव चाहते हैं, राष्ट्र को तोड़ना नहीं जोड़ना चाहते हैं, अच्छी बात यह भी है कि संघ एक जागरूक संगठन है और हर समस्या पर अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। हर व्यक्ति के दिमाग में एक समस्या है और हर व्यक्ति के दिमाग में एक समाधान है। एक समस्या को सब अपनी समस्या समझे और एक का समाधान सबके काम आए। समाधान के अभाव में बढ़ती हुई समस्या संक्रामक बीमारी का रूप न ले सके, इस दृष्टि से आज का समाधान आज प्रस्तुत करने के लिए आरएसएस निरन्तर जागरूक रहता है। इसीलिये हिन्दू एकता के लिये व्यापक प्रयत्नों की अपेक्षा है। बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के लोगों की परेशानियों को लेकर भारत सरकार ने कदम उठाए हैं। दुनिया में कहीं भी किसी भी हिंदू को अगर कोई परेशानी होती है तो वह मदद के लिए भारत की तरफ ही देखता है। देश एवं दुनिया में हिन्दुओं से जुड़ी परेशानियों एवं समाधान की दृष्टि से एक सशक्त वातावरण बनना अपेक्षित है। होसबाले ने ऐसी ही जटिल होती समस्याओं में लव जिहाद का मुद्दा भी उठाया और कहा कि लव जिहाद से समाज में समस्या हो रही है। उन्होंने कहा, लड़कियों को लव जिहाद के प्रति जागरूक करें। हमारे समाज की बहन-बेटियों को बचाना हमारा काम है। उन्होंने दावा किया कि केरल में 200 लड़कियों को लव जिहाद से बचाया गया है। ध्यान रहे कि अभी राजधानी दिल्ली के नांगलोई इलाके में मुस्लिम लड़के सलीम ने खुद को संजू बताकर हिंदू लड़की सोनिया को प्यार के जाल में फंसाया। सलीम ने सोनिया के साथ शारीरिक संबंध बनाए और उसे गर्भवती कर दिया। सोनिया ने जब शादी दबाव बनाया तो सलीम ने दो दोस्तों के साथ उसकी हत्या कर दी और शव को हरियाणा में अपने ननिहाल के गांव में एक खेत में गाड़ दिया। निश्चित रूप से बंटेंगे तो कटेंगे कोई नारा नहीं बल्कि सदियों की सच्चाई है। जब-जब हिन्दू कमजोर हुआ है, तब तब उस पर अत्याचार बढ़े हैं, उनका सफाया कर दिया गया है। कश्मीर में हिंदुओं ने ताकत नहीं दिखाई तो उनका नरसंहार हुआ। लाहौर की 75 प्रतिशत आबादी हिंदुओं और सिखों की थी, कराची में हिंदू, सिंधी और हिंदू पंजाबी जनसंख्या के दो तिहाई थे, काबुल में 1950 तक एक तिहाई हिंदू-सिख थे, रंगून में एक तिहाई आबादी हिंदुओं की थी, सभी जगहों पर आज हिंदुओं-सिखों का सफाया हो गया। इसीलिये सरकार्यवाह होसबोले की दृष्टि में बंटने के प्रति सचेत करने का मतलब अनेकता में एकता का मंत्र है। हम जाति, वर्ग में भले अनेक हों, लेकिन इस आधार पर हम बंटे नहीं बल्कि एकजुट रहें। बांग्लादेश के संदर्भ में भारत सरकार ने वहां हिंदुओं सहित सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का आश्वासन दिया है। संघ ने उस समय भी कहा था कि हिंदू समुदाय को वहीं रहना चाहिए और पलायन नहीं करना चाहिए। संघ की नजरों में धर्मांतरण और हिन्दुओं को विभाजित करने से हिन्दू जनसंख्या का संतुलन बिगड़ा है और वे अल्पसंख्यक होते गये हैं। इस मायने में होसबोले का उद्बोधन कोई स्वप्न नहीं, जो कभी पूरा नहीं होता। यह तो हिन्दुओं को सशक्त एवं विकसित बनाने के लिए ताजी हवा की खिड़की है। यह सामाजिक समरसता का भी जीवनमंत्र है। संघ इस संवाद को कायम रखेगा क्योंकि समाज को तोड़ने के लिए बहुत सी कोशिशें हो रही हैं, विपक्षी दल अपने राजनीतिक हितों के लिये हिन्दू समुदाय को तोड़ने एवं विभाजित करने के लिये तरह-तरह के षडयंत्र कर रहे हैं। एक बार फिर संघ ने राजनीति से परे जाकर देश को जोड़ने, सशक्त बनाने एवं नया भारत निर्मित करने का सन्देश दिया है और इस सन्देश को जिस तरह आकार दिया जाना है, उसका दिशा-निर्देश भी दिया गया है। आरएसएस महासचिव ने कहा, महात्मा गांधी ने भी स्वराज्य का मंत्र दिया था। ह्यस्वह्ल का मतलब है स्वाधीनता, राष्ट्रीय स्वत्व। यहां हिन्दुओं को अपनी परंपरा, अपनी सभ्यता, उस्के अनुभवों के साथ व्यवहार करना है, आधुनिकता का पालन करना है, आधुनिकता में भी स्व को नहीं भूलना है। इस स्व को जीवंतता देकर ही हिन्दू समाज टूटने एवं बिखरने से बच सकता है। किसी भी समाज में बिखराव की स्थिति होती है तो उसकी क्षमताओं का पूरा उपयोग नहीं हो सकता। उपयोग के लिए क्षमताओं को केन्द्रित करना जरूरी है। समाज का हर व्यक्ति अपने आप में एक शक्ति है। इस शक्ति को काम में लेने से पहले उसे एकात्ममुख करना जरूरी है। होसबोले के आह्वान का हार्द हिन्दुओं को सशक्त बनाते हुए राष्ट्र को नयी शक्ल देने का है। वास्तव में यदि हम भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के अपने सपने को साकार करना चाहते हैं तो हमें अपनी सोच और अपने तौर-तरीके बदलने होंगे। जब होसबोले देश को बदलने और आगे ले जाने के लिए संकल्प व्यक्त कर रहे हैं तो फिर हिन्दुओं का भी यह दायित्व बनता है कि वह अपने हिस्से के संकल्प ले, संगठित हो।

विकसित मध्यप्रदेश और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के संकल्प की ओर बढ़ते कदम

मध्यप्रदेश के नये स्वरूप की यात्रा को 68 वर्ष बीत चुके हैं। इस यात्रा में लगभग दो दशक पूर्व तक प्रदेश बीमारू राज्य की श्रेणी में था। विकास के निरंतर प्रयास से प्रदेश प्रगति पथ पर आगे बढ़ा। विगत दस वर्षों से यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में प्रदेश ने विकास की करवट ली और प्रदेश विकसित राज्य की ओर अग्रसर है। अब हमने जनसेवा, सुशासन और प्रदेश के चहुंमुखी विकास की नयी यात्रा आरंभ की है। प्रदेशवासियों के साथ मिलकर प्रदेश को देश में अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में कार्य किये जा रहे हैं। भारत का ह्दय, अपना मध्यप्रदेश वन, जल, अन्न, खनिज, शिल्प, कला, संस्कृति, उत्सव और परंपराओं से समृद्ध है। पुण्य सलिला माँ नर्मदा का सान्निध्य और भगवान महाकालेश्वर का आशीर्वाद हमें प्राप्त है। यह असंख्य वीरों, बलिदानियों और राष्ट्र संस्कृति के प्रति समर्पित महान विभूतियों की धरती है। यह भगवान परशुराम की जन्मस्थली, भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षास्थली और आदि शंकराचार्य की तपोस्थली है। यहां गोंडवाना की वीरांगना रानी दुर्गावती ने स्वत्व के लिए प्राणों का उत्सर्ग किया था।राष्ट्र में अपने सांस्कृतिक गौरव को पुनर्स्थापित करने वाली पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की कर्मस्थली है।उनके त्रिशताब्दी समारोह के आयोजन वर्ष में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। यह हमारा सौभाग्य है कि मध्यप्रदेश को प्राकृतिक संपदा के आधार के साथ इतिहास का गौरव प्राप्त है। अब हम विकास के साथ विरासत को लेकर आगे बढ़ेंगे। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने भारत को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए विकसित भारत निर्माण का संकल्प दिया है। इस संकल्प की सिद्धि के लिये उन्होंने ज्ञान (ॠअठ), गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी के सम्मान का नया सूत्र (वाक्य) दिया। ये चार वर्ग विकास के आधार स्तम्भ हैं। प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में प्रदेश विकास और कल्याण के लिये युवा शक्ति, गरीब कल्याण, किसान कल्याण और नारी सशक्तिकरण मिशन के तहत कार्य करने जा रहे हैं। युवा शक्ति मिशन शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार, उद्यमिता, नेतृत्व विकास, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्य की योजना बनाकर मिशन मोड में कार्य करेगा। युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के साथ हमने शासकीय नौकरियों में एक लाख से अधिक युवाओं के भर्ती का अभियान शुरू कर दिया है।

मिलावटखोरों को फांसी की सजा से रुकेगी मिलावटखोरी

लेखक - नरेंद्र भारती ईएमएस

आजकल त्योहारों का सीजन जोरों पर है' मुनाफा कमाने के चक्कर में मिलावटखोर बेखौफ होकर नकली मिठाई बेच रहे हैं प्रशासन मिलावट करने वालो पर शिकंजा कस रहा है 'देश में नकली व मिलावटी मिठाईया बिक रही हैं और लाखों क्विंटल मिठाईयां बन रही है और बाजारों में पहुंच रही हैं' मिठाईयों की गुणवत्ता परखी जा रही है और बड़े पैमाने पर मिलावट भरी मिठाईयां जब्त की जा रही हैं 'मिलावटखोरो कुछ तो रहम कीजिये मानव के स्वास्थय से खिलवाड़ मत कीजिये 'त्यौहारी सीजन दिवाली, भैया दूज, धनतेरस में मिलावटखोर मुनाफा कमाने के चक्कर में घटिया किस्म की मिठाईयां बेचने से बाज नहीं आ रहे हैं' पंजाब, दिल्ली, हिमाचल, में नकली मिठाई पकड़ी जा रही है' प्रतिदिन प्रशासन छापेमारी कर रहा है और मिलावट करने वालों पर शिकंजा कसा रहा है लेकिन यह मिलावट करने वाले सुधर नहीं रहे हैं ' प्रतिदिन लोग पकड़े जा रहे हैं और नकली उत्पादों सें बनी नकली मिठाई नस्ट की जा रही है ' मिठाईयों में कॉकरोच मिल रहे हैं तो कहीं और जीव जंतु मिल रहे हैं' मिठाईयों में रंग मिलाया जा रहा है' ऐसी जहर बनाने वाले उद्योगों पर कार्रवाई करनी चाहिए इनके लाइसेंस रद्द करने चाहिए ' देश में जहरयुक्त मिठाई बेचीं जा रही है ' कैसी विडंबना है की मिलावट करने वाले किसी की जान लेने से भी नहीं डरते हैं और खुलेआम उल्लंघ्न कर रहे हैं' त्यौहारी सीजन में नकली दूध, पनीर, मावा से मिठाईयां बनाई जा रही हैं' मिलावट का यह धंधा खूब फ्लफुल रहा है' खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 में सजा व जुमार्ना दोनों का प्रावधान है' वही आई पी सी की धारा 272 एवं 273 के अंतर्गत पुलिस प्रशासन को सीधे कार्रवाई की छूट है ' नकली दूध बेचा जा रहा है जिससे लाईलाज बीमारिया हो रही हैं लोग कैंसर से ग्रस्त हो रहे हैं' मिलावट करने वाले चंद चांदी के सिक्कों के लिए यमराज बन गए हैं' प्रतिवर्ष पता नहीं कितने लोग इन मिलावटखोरों की वजह से मारे जा रहे हैं ' ऐसे लोगों को सजा ए मौत देनी चाहिए जो लालच में मौत बाँट रहे हैं ' नकली दूध से नवजात बच्चे बीमार हो रहे हैं और मारे जा रहे हैं ' आखिर इंसान किस ओर जा रहा है जो इंसानों की जान ले रहा है ' ऐसे लोगों को फांसी की सजा देनी चाहिए ताकि फिर कोई ऐसा जुर्म न कर सके ' प्रशासन अगर सक्रिय रहे तो लोगो की जान बच सके ' यह बहुत ही घिनौना जुर्म है ' ऐसे लोगों को हवालातों में डाला जाये और उम्रकेद की सजा दी जाये ' काल कोठरी में डाला जाये ताकि तिल तिल मर सके और मौत की भीख मांगे और ताउम्र अपने कर्मो को भुगत सके ' खाद्य विभाग को जागरूकता शिविर लगाने चाहिए तथा समाज के लोगों को इन मिलावट करने वालों की मिठाई का बहिस्कार करना चाहिए 'यह देश हित में है ' देश में हर वर्ष लाखों क्विटंल मिलावटी मिठाई पकड़ी जाती है जिसे खाद्य विभाग के अधिकारी नस्ट कर देते हैं। मिलावट के मुख्य सरगनाओं को सार्वजनिक स्थानो पर सजा देनी चाहिए खाद्य मंत्रालय को अपना अभियान पूरा वर्ष जारी रखना चाहिए ताकि इन पर शिकंजा कसा रहे और मिलावट का यह काला धंधा पूरी तरह खत्म हो सके।ताकि गैर कानूनी कारोबार करने वाले लोग बेनकाब हो सकें।खाद्य विभाग की सक्रियता से इन मिलावटखोर माफिया के लोगों को पकडना होगा तभी इस पर पूर्ण रोक लग सकती हैं। समाज के लोगों को भी इस अभियान में सहयोग करना होगा ताकि इन मिलावट के माफियों का साम्राज्य खत्म किया जा सके।अभी समय है फिर पछतानें कि सिवाय कुछ नहीं होगा। मिलावट माफिया का सफाया करना होगा ताकि विश्व गुरु की साख पर दाग न लग सके।देश में फैलते मिलावट माफिया के लोगों के इस जाल को काटना समय की पुकार है यदि लोगों ने कोई कदम न उठाए तो भारत में चरस माफिया की जडें इतनी फैल जाएगी कि इन्हे काटना बेहद मुशिकल हो जाएगा। अगर अब भी लापरवाही बरती तो यह कारोबार निर्बाध चलता रहेगा। मिलावट करने वालों नागों का फन कुचलना होगा।

गोवर्धन के दिन होती है गोधन की पूजा

गोवर्धन पूजा में गोधन यानी गायों की पूजा की जाती है। शास्त्रों में बताया गया है कि गाय उसी प्रकार पवित्र होती जैसे नदियों में गंगा। गाय को देवी लक्ष्मी का स्वरूप भी कहा गया है। देवी लक्ष्मी जिस प्रकार सुख समृद्धि प्रदान करती हैं उसी प्रकार गौ माता भी अपने दूध से स्वास्थ्य रूपी धन प्रदान करती हैं। इनका बछड़ा खेतों में हल जोतकर अनाज उगाता है। इस तरह गौ सम्पूर्ण मानव जाती के लिए पूजनीय और आदरणीय है। गौ के प्रति श्रद्धा प्रकट करने के लिए ही कार्तिक शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के दिन गोर्वधन की पूजा की जाती है और इसके प्रतीक के रूप में गाय की। दीपावली के दूसरे दिन सायंकाल गोवर्धन पूजा का विशेष आयोजन होता है। इस दिन प्रातः गाय के गोबर से लेटे हुए पुरुष के रूप में गोवर्धन बनाया जाता है। अनेक स्थानों पर इसके मनुष्याकार बनाकर पुष्पों, लताओं आदि से सजाया जाता है। इनकी नाभि के स्थान पर एक कटोरी या मिट्टी का दीपक रख दिया जाता है। फिर इसमें दूध, दही, गंगाजल, शहद, बताशे आदि पूजा करते समय डाल दिए जाते हैं और बाद में इसे प्रसाद के रूप में बांट देते हैं। शाम को गोवर्धन की पूजा की जाती है। पूजा में धूप, दीप, नैवेद्य, जल, फल, फूल, खील, बताशे आदि का प्रयोग किया जाता है। पूजा के बाद गोवर्धनजी की जय बोलते हुए उनकी सात परिक्रमाएं लगाई जाती हैं। परिक्रमा के समय एक व्यक्ति हाथ में जल का लोटा व अन्य जौ लेकर चलते हैं। जल के लोटे वाला व्यक्ति पानी की धारा गिराता हुआ तथा अन्य जौ बोते हुए परिक्रमा पूरी करते हैं। गोवर्धन पूजा हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। लोग इसे अन्नकूट के नाम से भी जानते हैं। इस पर्व की अपनी मान्यता और लोककथा है। इस त्यौहार का भारतीय लोकजीवन में काफी महत्व है। इस पर्व में प्रकृति के साथ मानव का सीधा सम्बन्ध दिखाई देता है। भगवान श्रीकृष्ण ने आज ही के दिन इन्द्र का मानमर्दन कर गिरिराज पूजन किया था। कबीर दास जी कहते हैं:

कबीर गोवर्धन कृष्ण जी उठाया,
द्रोणागिरि हनुमंत। शेष नाग सब
सृष्टी उठाई, इनमें को भगवंत।।

इस दिन मन्दिरों में अन्नकूट किया जाता है। अन्नकूट एक प्रकार से सामूहिक भोज का आयोजन है जिसमें पूरा परिवार एक जगह बनाई गई रसोई से भोजन करता है। इस दिन चावल, बाजरा, कढ़ी, साबुत मूंग सभी सब्जियां एक जगह मिलाकर बनाई जाती हैं। मंदिरों में भी अन्नकूट बनाकर प्रसाद के रूप में बांटा जाता है। सायंकाल गोबर के गोवर्धन बनाकर पूजा की जाती है। अन्नकूट में चंद्र-दर्शन अशुभ माना जाता है। यदि प्रतिपदा में द्वितीया हो तो अन्नकूट अमावस्या को मनाया जाता है। इस दिन सन्ध्या के समय दैत्यराज बलि का पूजन भी किया जाता है। गोवर्धन गिरि भगवान के रूप में माने जाते हैं और इस दिन उनकी पूजा अपने घर में करने से धन, धान्य, संतान और गोरस की वृद्धि होती है। आज का दिन तीन उत्सवों का संगम होता है। इस दिन दस्तकार और कल-कारखानों में कार्य करने वाले कारीगर भगवान विश्वकर्मा की पूजा भी करते हैं। इस दिन सभी कल-कारखाने तो पूर्णतः बंद रहते हैं। घर पर कुटीर उद्योग चलाने वाले कारीगर भी काम नहीं करते। भगवान विश्वकर्मा और मशीनों का दोपहर के समय पूजन किया जाता है। वेदों में इस दिन वरुण, इन्द्र, अग्नि आदि देवताओं की पूजा का विधान है। इसी दिन बलि पूजा, गोवर्धन पूजा होती हैं। इस दिन गाय-बैल आदि पशुओं को स्नान कराकर, फूल माला, धूप, चंदन आदि से उनका पूजन किया जाता है। गायों को मिठाई खिलाकर उनकी आरती उतारी जाती है। यह ब्रजवासियों का मुख्य त्योहार है। अन्नकूट या गोवर्धन पूजा भगवान कृष्ण के अवतार के बाद द्वापर युग से प्रारम्भ हुई। उस समय लोग इन्द्र भगवान की पूजा करते थे तथा छप्पन प्रकार के भोजन बनाकर तरह-तरह के पकवान व मिठाइयों का भोग लगाया जाता था। महाराष्ट्र में यह दिन बालि प्रतिपदा या बालि पड़वा के रूप में मनाया जाता है। भगवान विष्णु के एक अवतार वामन की राजा बलि पर विजय और बाद में राजा बलि को पाताल लोक भेजने के कारण इस दिन उनका पुण्य स्मरण किया जाता है। माना जाता है कि भगवान वामन द्वारा दिए गए वरदान के कारण असुर राजा बलि इस दिन पातल लोक से पृथ्वी लोक आता है।

अधिकतर गोवर्धन पूजा का दिन गुजराती नव वर्ष के दिन के साथ मिल जाता है जो कि कार्तिक माह की शुक्ल पक्ष के दौरान मनाया जाता है। गोवर्धन पूजा उत्सव गुजराती नव वर्ष के एक दिन पहले मनाया जा सकता है और यह प्रतिपदा तिथि के प्रारम्भ होने के समय पर निर्भर करता है। गोवर्धन पूजा के सम्बन्ध में एक लोकगाथा प्रचलित है कि देवराज इन्द्र का अभिमान चूर करने हेतु भगवान श्री कृष्ण ने एक लीला रची। एक दिन उन्होंने देखा के सभी बृजवासी उत्तम पकवान बना रहे हैं और किसी पूजा की तैयारी में जुटे। श्री कृष्ण ने यशोदा मैया से प्रश्न किया कि आप लोग किन की पूजा की तैयारी कर रहे हैं।

क्या अब हमारे आदर्श हत्यारे, बलात्कारी व गुंडे मवाली हैं ?



लेखिका - निर्मल रानी (ईएमएस)

सदियों से हमारे देश में यह ज्ञान बांटा जाता रहा है कि किसी जमाने में भारत विश्व गुरु हुआ करता था। पिछले एक दशक से फिर यही चर्चा बलवती हो चुकी है कि भारत एक बार पुनः विश्व गुरु की राह पर अग्रसर है। बकौल प्रसिद्ध व्यंगकार सम्पत सरल, हमारा भारत विश्व गुरु बनने के आउटर पर खड़ा हुआ है। परन्तु हमारा देश पहले जब कभी विश्वगुरु रहा होगा और अब जबकि एक बार फिर से विश्व गुरु बनने की तैय्यारी में है, इस समय अंतराल में हम एक बहुत बड़ा अंतर भी देख रहे हैं। पहले जब कभी हमारे पूर्वज विश्वगुरु भारत में सांस ले रहे होंगे उस समय हमारे आदर्श, हमारे प्रेरणास्रोत हमारे मार्गदर्शक निश्चित रूप से ऐसे अनेक महापुरुष भी रहे होंगे जो हमें आदर्श जीवन व्यतीत करने, चरित्रवान बनने, मानवीय मूल्यों का पालन करने, सद्भाव, सहयोग, सहायता जैसे मूल्यों को अपने जीवन में ढालने की प्रेरणा देते रहे होंगे। हमारे अनेक धार्मिक ग्रंथ इस तरह की धार्मिक, सामाजिक व मानवीय शिक्षाओं व निदेशों से भी भरे पड़े हैं। हमारे देश का इतिहास ऐसे एक से बढ़कर एक बलिदानियों, त्यागियों, तपस्वियों, ऋषियों मुनियों संतों व पीरों फकीरों व आदर्श पुरुषों से पटा पड़ा है जिन्होंने अपने आचरण से देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया का मार्ग दर्शन किया है। परन्तु आज पुनः जब यह चर्चा चलती है कि भारत एक बार फिर से विश्व गुरु होने जा रहा है ठीक उसी समय जब हम विश्व गुरु पार्ट 2 के दौर के अपने आज के आदर्शों, प्रेरणास्रोतों और मार्ग दर्शकों पर भी नजर डालते हैं तो हमें कुछ और ही दृश्य दिखाई देता है। आज के दौर में पहले जैसे प्रेरणास्रोत महापुरुषों की तो खैर कल्पना ही नहीं की जा सकती परन्तु उससे भी बड़ी त्रासदी यह है कि आज हमारे समाज का एक बड़ा वर्ग खासकर युवा वर्ग ऐसे लोगों को अपना आदर्श मांनने लगा है या ऐसे लोगों से प्रेरित हो रहा है जो अपराधी हैं, हत्यारे व बलात्कारी हैं, गुंडे और मवाली प्रवृति के लोग हैं। और इससे भी बड़ा दुर्भाग्य यह है कि अब समाज द्वारा किसी की अच्छाई बुराई या उसके पक्ष अथवा विपक्ष में खड़े होने या बोलने का निर्णय उसके धर्म सम्प्रदाय व जाति के अनुसार किया जाने लगा है। गत एक दशक में भारत में ऐसी सैकड़ों मिसालें देखने को मिल जाएँगी जिसमें न केवल बड़ी भीड़ द्वारा बल्कि सत्ता के संरक्षण तक में हत्यारों का महिमामंडन किया गया है। बलात्कारियों,सामूहिक बलकार व सामूहिक हत्या के दोषियों को मान सम्मान दिया गया है। कहीं राज्यों द्वारा सरकारी स्तर पर ऐसे अपराधियों को जेल से रिहाई दिलाई गयी। सामूहिक बलकार व सामूहिक हत्या के दोषियों को रिहा करने की गरज से सरकार द्वारा ऐसे अपराधियों को चरित्रवान होने का प्रमाणपत्र जारी किया गया। कहीं अपने राजनैतिक हित साधने के लिये बलात्कार व सामूहिक हत्या के ऐसे ही दोषी को जरुरत से ज्यादा बार जेल से पेरोल पर रिहा किया गया। हद तो यह है कि केवल धर्म के आधार पर जम्मू कश्मीर में कठुआ की एक आठ साल की मासूम बच्ची के साथ सामूहिक बलात्कार करने व उसकी हत्या कर लाश जंगलों में फेंकने वाले लोगों के समर्थन में जम्मू कश्मीर सरकार के मंत्री व विधायक व पार्टी कार्यकर्त्ता तक जुलूस निकालते, धरना देते व तिरंगा यात्रा तक निकालते दिखाई दिये। अब इन दिनों इसी अपराध पूर्ण प्रवृति में एक नया ट्रेंड दिखाई देने लगा है। पेशेवर अपराधियों व सरगनाओं व गैंगस्टर का भी महिमामंडन किया जाने लगा है। जो अपराधी भारत से लेकर विदेशों तक जबरन पैसे वसूली के रैकेट चला रहे हैं वे अपने धर्म या जाति का चोला ओढ़कर स्वयं को अपने समाज के आदर्श पुरुष व प्रेरणास्रोत के रूप में स्थापित करने लगे हैं। और मजे की बात तो यह है कि ऐसे अपराधियों को उनसे सम्बंधित समाज का ही नहीं बल्कि राजनीतिज्ञों का भी समर्थन हासिल हो रहा है। यह स्थिति अचानक पैदा नहीं हुई है बल्कि मात्र अपने राजनैतिक लाभ के लिये साम्प्रदायिक व जातिवादी ताकतों द्वारा धीरे धीरे देश में ऐसा माहौल पैदा किया जा चुका है कि महापुरुषों के अभाव के वर्तमान दौर में आज हत्यारे बलात्कारी गुंडे व मवाली किस्म के लोगों को ही लोगअपना आदर्श मानने लगे हैं। साफ शब्दों में उनका चरित्र उनके अपराध से नहीं बल्कि उनके धर्म व जाति से तय किया जाने लगा है। वैसे सच पूछिए तो यह स्थिति भारत में एक न एक दिन पैदा होनी ही थी। क्योंकि जब महात्मा गांधी के रूप में आजाद भारत में पहली राजनैतिक हत्या नाथू राम गोडसे द्वारा की गयी उसी समय से एक वर्ग विशेष गोडसे के समर्थन में भी खड़ा हो गया था। और उसी विचारधारा व मानसिकता के लोग आज तक गांधी को अपमानित करते व हत्यारे गोडसे का महिमामंडन करते आ रहे हैं। जाहिर है किसी अपराधी व हत्यारे के महिमांडन की प्रवृति ने यही रूप लेना था जो आज हमें दिखाई दे रहा है। चाहे वह कठुआ में 8 वर्षीय आसिफा के बलात्कारी व हत्यारे हों या राजस्थान का हत्यारा शम्भू रैगर, चाहे वे गुजरात में बिल्कीस बानो व उनके परिवार के हत्यारे व सामूहिक बलात्कारी हों या बनारस विश्वविद्यालय के बलात्कारी आई टी सेल के लोग या फिर इन जैसे और सैकड़ों उदाहरण, और अब पैसा वसूली करने वाले गैंगस्टर्स का किया जाने वाला महिमामंडन, निश्चित रूप से यह मिसालें हमें यह सोचने के लिए मजबूर करती हैं कि क्या अब हमारे आदर्श, हत्यारे बलात्कारी गुंडे मवाली व गैंगस्टर्स ही रह गये हैं? और क्या भारत अब इन्हीं से प्रेरणा लेकर विश्वगुरु पार्ट 2 बनने की तैयारी कर रहा है ?



विवादित पुस्तकों के लिए कांग्रेस सरकार जिम्मेदार, समाज में वैमनस्य फैलाना कांग्रेस की फितरत : शिक्षा मंत्री दिलावर

कोटा (हिंस)। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि समग्र शिक्षा राजस्थान द्वारा सरकारी स्कूलों के पुस्तकालय में भेजी गई विवादित दो पुस्तक अदृश्य लोग लेखक हर्ष मंदर तथा जीवन की बहार लेखक माधव गाडगिल के चयन को लेकर वर्तमान सरकार की कोई भूमिका नहीं है। इन पुस्तकों का चयन गत कांग्रेस सरकार द्वारा किया गया है। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में केवल दो पुस्तक जोड़ी गई हैं। वैक्सीन की गाथा लेखक सज्जन सिंह यादव और राजस्थानी भाषा की पुस्तक चिड़ी को मोती लादीओ। उन्होंने बताया कि इन दोनों पुस्तकों के अतिरिक्त 99 पुस्तक दिनांक 29 सितंबर 2023 को तत्कालीन चयन कमेटी द्वारा चयनित की गई थी। जिसके अध्यक्ष तत्कालीन शिक्षा सचिव थे। उस समय कुल 105 किताबें दो ग्रुपों में 63 + 42 चयन समिति के अध्यक्ष तत्कालीन शासन सचिव के समक्ष 19 सितंबर 2023 को प्रस्तुत की गई थी। जिनके चयन की स्वीकृति अध्यक्ष द्वारा 29 सितंबर 2023, 30 सितंबर 2023 तथा 3 अक्तूबर 2023 को जारी की गई। इन पुस्तकों के चयन को लेकर सारी जिम्मेदारी तत्कालीन कांग्रेस सरकार, शिक्षा विभाग के शासन सचिव तथा तत्कालीन शिक्षा मंत्री की है। बच्चों को कोविड महामारी की विभीषिका के संदर्भ में जानकारी हो और वह इसके प्रति जागरूक बने इसको लेकर वैक्सीन की गाथा नामक पुस्तक का चयन किया गया है। दूसरी पुस्तक चिड़िया का मोती ला दो, राजस्थानी भाषा की पुस्तक है। जिसका उद्देश्य क्षेत्रीय भाषा को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि ये पुस्तकें केवल विद्यालय के पुस्तकालयों में रखे जाने के लिए है। इनका पाठ्यक्रम से कोई संबंध नहीं है। जानकारी में आने के बाद दोनों विवादित पुस्तकों को वापस मंगवा लिया गया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। गोदारा की घटना पर उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद भी पुस्तक में प्रकाशित विषय वस्तु की विधिक जांच की जा रही है। कानून सम्मत कार्यवाही की जाएगी।



बीएसएफ महानिरीक्षक ने जैसलमेर में जवानों के साथ मनाई दीपावली

जैसलमेर (हिंस)। बीएसएफ महानिरीक्षक एम एल गर्ग ने जैसलमेर से सटी भारत पाक अन्तर्राष्ट्रीय सीमा चौकी पर जवानों के साथ दीपावली का जश्न मनाया। आज पूरा देश दीपावली की खुशियों में डूबा है। अपने परिवार और रिश्तेदारों के साथ इस त्योहार का भरपूर आनन्द उठा रहा है। वही इस अवसर पर सीमा सुरक्षा बल फंटियर मुख्यालय राजस्थान के महानिरीक्षक एम एल गर्ग, सीमा पर तैनात बहादुर जवानों के साथ मिलकर दीपावली का पर्व मनाने के लिए जैसलमेर जिले से सटी भारत पाक अंतर्राष्ट्रीय सीमा का दौरा करने के लिए पहुंचे। सबसे पहले तनोट माता मंदिर परिसर पहुंचने पर सीमा सुरक्षा बल, जैसलमेर (उत्तर) के उप महानिरीक्षक योगेन्द्र सिंह राठौड़, और 166 वीं वाहिनी के कार्यवाहक समादेष्टा महिपाल सिंह, उप समादेष्टा, ने उनका स्वागत किया। गर्ग, महानिरीक्षक ने तनोट मंदिर परिसर में मौजूद विजय स्तम्भ पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात सीमा सुरक्षा बल की विशेष गार्ड द्वारा महानिरीक्षक को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। इसके उपरांत महानिरीक्षक ने तनोट माता मंदिर में पूजा अर्चना की और देश में अमन एवं शांति की कामना की।

हरियाणा विकास के मामले में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल : नायब सैनी

हरियाणा दिवस पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दीं शुभकामनाएं

चंडीगढ़ (हिंस)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेशवासियों को हरियाणा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हरियाणा विकास के मामले में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। हरियाणा आज कहीं आगे पहुंच चुका है, चाहे प्रदेश की आर्थिक स्थिति हो, औद्योगिक प्रगति हो या फिर समाज को सेवाएं देने की बात हो। हरियाणा ने अपना परचम लहराया है। हरियाणा विकास और उन्नति के पथ पर नॉन स्टॉप आगे बढ़ता रहेगा। मुख्यमंत्री सैनी ने शुक्रवार को यहां जारी एक अपने संदेश में कहा कि हरियाणा वीर जवानों, मेहनतकश किसानों और खिलाड़ियों की धरा है। हमारे जवान, किसान और खिलाड़ी राज्य की विकास यात्रा में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा में हमारी डबल इंजन की सरकार ने सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास के साथ हरियाणा एक-हरियाणवी एक की भावना से काम किया है और राज्य के विकास को चरम पर पहुंचाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में हम प्रधानमंत्री के साथ मिलकर हरसंभव प्रयास करेंगे और इस यात्रा में हरियाणा अपना महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने हरियाणावासियों से अपील की कि वे हरियाणा को भविष्य में भी नवीन तकनीक व प्रौद्योगिकी से लैस दुनिया का सर्वाधिक विकसित प्रदेश बनाने की दिशा में अपना योगदान दें ताकि प्रदेश और अधिक खुशहाल और समृद्ध बने। उन्होंने कहा कि 1 नवंबर, 1966 को पंजाब से अलग होकर जब हरियाणा अलग राज्य बना था तो उस समय संसाधन सीमित थे। जबकि आज हरियाणा विकास व उन्नति के मामले में कहीं आगे निकल चुका है। हरियाणा ने कृषि के अलावा औद्योगिक क्षेत्र में भी अभूतपूर्व प्रगति की है। इतना ही नहीं, खेलों के क्षेत्र में पूरी दुनिया में हरियाणा का डंका बज रहा है। आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली खेल प्रतियोगिताओं में हरियाणा के खिलाड़ी अधिक से अधिक पदक लाते हैं।

काला धन विदेशों में भेजने वालों पर चला क्राइम ब्रांच का चाबुक

गुरुग्राम (हिंस)। फर्जी कंपनियां बनाकर विदेशों में काला धन भेजने वालों पर हरियाणा राज्य अपराध शाखा का चाबुक चला है। राज्य की क्राइम ब्रांच ने इस मामले में सात लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि इनमें से पांच आरोपियों के खिलाफ चार्ज शीट दाखिल की गई है। जांच में पता चला है कि आरोपियों ने अब तक अवैध तरीके से विदेशी कंपनियों को कालाधन के रूप में सात सौ करोड़ रुपए भेजे जा चुके हैं। दरअसल, पुलिस ने इसी साल 18 मार्च को मिली एक शिकायत पर हरियाणा पुलिस के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने कड़ा संज्ञान लेकर राज्य अपराध शाखा के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक व गुरुग्राम पुलिस के उपायुक्त नीतीश अग्रवाल की अध्क्षता में विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित की थी। जांच में खुलासा हुआ कि फर्जी निदेशकों के नाम से कंपनियों को पंजीकृत करवाया गया है। इन कंपनियों के निदेशक के बैंक खाते, बैंक कर्मचारियों से मिलीभगत करके निजी तौर पर व ईकेवाईसी करवाकर खुलवाए जाते थे। उन खातों के एमटीएम कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग पासवार्ड, पंजीकृत मोबाइल के सिम आरोपियों ने अपने पास ही रखे जाते थे। वे इन खातों को खुद ही चलाते थे। फर्जी निदेशकों के नाम से नकली दस्तावेज जमा करवाकर जो कंपनियों बनाई गई थीं। उन कंपनियों का विदेशी कंपनियों के साथ बिजनेस दिखाकर मुंबई व गुजरात की बंदरगाहों पर विदेशों से माल मंगवाकर आयात, निर्यात किया जाता था। इनवॉयस बिल में सामान की कीमत को बाजार की कीमत से कई गुणा से ज्यादा दिखाकर भारतीय मुद्रा को विदेशों में भेजा जाता था। अवैध तौर पर प्रति डॉलर अच्छा-खासा कमीशन लिया जाता था। आरोपियों ने कंपनियों के बिजनेस कैंपस, बैंक रिकॉर्ड, आरओसी एंड सीजीएसटी रिकॉर्ड व आयात-निर्यात संबंधी दस्तावेजों में अलग-अलग दर्शाए जाते थे, ताकि किसी भी विभाग की पकड़ में ना आ सकें। जांच में पता चला कि आरोपी कंपनियों के खातों में रुपए अन्य कंपनियों के खातों से फर्जी खरीद-फरोख्त दिखाकर मंगवाए जाते थे।

दीपावली पर संघ कार्यालय पहुंचे केंद्रीय मंत्री मेघवाल

बीकानेर (हिंस)। केंद्रीय विधि एवं कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने दीपोत्सव के शुभ अवसर पर संघ कार्यालय, शकुंतला भवन पहुंचकर दीपावली समारोह में सहभागिता की। साथ ही वे जयपुर रोड स्थित बीएसएफ कैंपस में बीएसएफ जवानों के साथ दिवाली का त्यौहार मनाया। उन्होंने जवानों और उनके परिजनों को दीपावली की शुभकामनाएं दी। मेघवाल ने दीप प्रज्ज्वलित किए। मिठाई खिलाकर जवानों का मुंह मीठा करवाया और पटाखे फोड़कर खुशियां मनाई। संघ कार्यालय में केंद्रीय मंत्री के साथ राज्य के कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा, गुमान सिंह राजपुरोहित, महावीर रांका सहित अनेक मौजूद थे। बीएसएफ कार्यालय पहुंचकर उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा बल के जवानों के देश सेवा के जज्बे की बदौलत देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। पश्चिमी राजस्थान के सीमांत क्षेत्र की सुरक्षा में इनका महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश के तहत सहित सभी मंत्री अलग-अलग क्षेत्रों में जवानों के साथ दिवाली की खुशियां मनाई रहे हैं। इसी श्रृंखला में यह कार्यक्रम रखा गया है। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले जवान आपसी भाईचारा, प्रेम और अखंडता का संदेश देते हैं। इनके साथ त्यौहार मनाना गर्व की अनुभूति है। उन्होंने वोकल फिर लोकल का संदेश देते हुए स्थानीय आर्टिजन, मिट्टी के दीपक बनाने वालों को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया।

विश्व प्रसिद्ध पुष्कर मेला आज से, तैयारियां पूरी

जयपुर (हिंस)। राजस्थान की संस्कृति को करीब से देखने और उसका लुत्फ उठाने का इंतजार खत्म हो गया है। विश्व प्रसिद्ध पुष्कर मेला 2 नवंबर से शुरू होने जा रहा है। पुष्कर मेले में आप राजस्थान की संस्कृति रूबरू हो सकेंगे। यह मेला इस बार दो नवंबर से शुरू होकर 17 नवंबर को समाप्त होगा। इस मेले में देश का सबसे बड़ा पशु मेला भी शामिल होगा। मेले का सबसे बड़ा आकर्षण रेगिस्तान का जहाज ऊंट होता है। इसके करतब के अलावा कई प्रतियोगिताएं होती हैं, जिनमें देश ही नहीं, बल्कि विदेशों से पर्यटक भी हिस्सा लेते हैं। मेले की सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए जवान मुस्तैद रहेंगे। इसके लिए प्रशासनिक तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। अजमेर जिले से 15 किलोमीटर दूर पुष्कर मेले का आयोजन 100 वर्षों से भी पहले से चला आ रहा है। इस मेले में ऊंट का बड़े स्तर पर व्यापार होता है। लोग अपने-अपने ऊंटों को निराले अंदाज में सजाकर यहां लाते हैं। राजस्थान पर्यटन विभाग पुष्कर मेले मे शिल्पग्राम, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद साहित अन्य कई प्रतियोगिताएं आयोजित करता है। मेले में देसी-विदेशी पर्यटकों के लिए क्रिकेट मैच, फुटबॉल, रस्साकसी, सतोलिया और कबड्डी मैच का आयोजन होता है। ऊंट-घोड़ों की सजावट, नृत्य आदि की प्रतियोगिताएं इस मेले का आकर्षण होती हैं। सैलानियों के लिए मूंछ, टरबन, दुल्हा-दुल्हन बनो, रंगोली, मांडना जैसी प्रतियोगिताएं मेले का हिस्सा होती हैं। देसी विदेशी सैलानी इन खूबसूरत पलों को अपने कैमरों में कैद करते हैं। पुष्कर में 15 दिवसीय अन्तरराष्ट्रीय पुष्कर मेले में धार्मिक मेला *पंचतीर्थ स्नान* पांच दिन के बजाय चार दिन का ही रहेगा। पंचतीर्थ स्नान कार्तिक शुक्ल पक्ष एकादशी 12 नवंबर से कार्तिक शुक्ल पूर्णिमा 15 नवंबर तक ही होगा। यहां एक तिथि क्षय होना बताया जा रहा है, जिसके कारण पंचतीर्थ स्नान चार दिन के ही रहने वाले हैं।

बिहार उपचुनाव : तरारी विस सीट पर राजग-आईएनडीआईए में सीधा मुकाबला

पटना (हिंस)। बिहार में 13 नवंबर को चार विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव होने हैं। इस उपचुनाव में सबसे हॉट सीट भोजपुर जिले का तरारी विधानसभा सीट है, जहां से सुदामा प्रसाद माले से विधायक थे। उनके 2024 में आरा से लोकसभा सीट से जीत के बाद यहां उपचुनाव हो रहा है। तरारी में राजग-महागठबंधन उम्मीदवारों के बीच सीधा मुकाबला दिख रहा है। हालांकि, प्रशांत किशोर की जनसुराज ने भी यहां से उम्मीदवार उतारा है। तरारी में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने भाजपा के विशाल प्रशांत को उम्मीदवार बनाया है। विशाल बाहुबली सुनील पांडेय के बेटे हैं। आईएनडीआईए ने यहां से सीपीआईएमएल के राजू यादव को मेदान में उतारा है। प्रशांत किशोर की पार्टी *जन सुराज* भी मैदान में हैं। यहां से उन्होंने किरण सिंह को टिकट दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि राजग और आईएनडीआईए गठबंधन के बीच यहां सीधा मुकाबला हो गया है। तरारी विधानसभा सीट से भूमिहार मतदाता सबसे अधिक हैं। दूसरे स्थान पर पिछड़ी-अतिपिछड़ी जातियों के मतदाता हैं। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि इन समुदायों के मत किस ओर जाएंगे। स्थानीय लोगों के अनुसार, सुनील पांडेय ने इस क्षेत्र के लिए बहुत काम किया है। दूसरी ओर, राजू यादव को पिछड़ी जातियों का समर्थन मिलता दिख रहा है। तरारी विधानसभा सीट पर मतदाताओं की बात करें तो इस विधानसभा सीट पर 2 लाख 60000 मतदाता हैं, जिसमें 01 लाख 40 हजार पुरुष और 01 लाख 20 हजार महिला मतदाता हैं। जातिगत समीकरण की बात करें तो तरारी विधानसभा सीट पर भूमिहार जाति की सबसे अधिक आबादी है। विशाल प्रशांत भूमिहार जाति से ही आते हैं। तकरीबन 65 हजार भूमिहार मतदाता हैं। दूसरे स्थान पर ब्राह्मण वोटर हैं, जिनकी संख्या 30 हजार के आसपास है। राजपूत वोटरों की संख्या 20 हजार के करीब है। पिछड़ी और अति पिछड़े जाति की आबादी 45 से 50 हजार के बीच है। इसके अलावा यादव वोटर 30 हजार, बनिया 25 हजार, कुशवाहा 15 हजार और मुस्लिम वोटर 20 हजार के आसपास हैं। वरिष्ठ पत्रकार और राजनीति जानकार अरुण पांडेय के मुताबिक, इस सीट पर सुनील पांडे की पकड़ अच्छी है। सुनील पांडे इस क्षेत्र में जमीन तौर पर काम करते आए हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि सुनील पांडे की ओर जनता का झुकाव अधिक हो सकता है। वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण बागी ने कहा कि सुनील पांडे के नेतृत्व में तरारी विधानसभा क्षेत्र में सम्मेलन भी आयोजित किया गया, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल शामिल हुए। वहां का वे प्रतिनिधित्व कर चुके हैं लेकिन अगड़ा-पिछड़े की राजनीति में यहां मुकाबला मुख्य रूप से विशाल और राजू यादव के बीच में ही दिख रहा है। उल्लेखनीय है कि राजग के साथ सबसे सकारात्मक बात यह है कि गठबंधन के पांच घटक दल मजबूती से एकजुटता दिखा रहे हैं। महागठबंधन का 4 में से तीन सीट है, इसलिए परेशानी महागठबंधन की बढ़ी हुई है। क्योंकि, इस चुनाव का असर आने वाले विधानसभा चुनाव पर भी पड़ना तय है। जो भी गठबंधन अधिक सीट जीतेगा उसका हाथ ऊपर होगा।

बिबेक देबरॉय का जाना देश के लिए अपूरणीय क्षति : आदित्यनाथ

लखनऊ (हिंस)। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के चेयरमैन और प्रसिद्ध अर्थशास्त्री डॉ. बिबेक देबरॉय के निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और उनके परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि देबरॉय का निधन देश के लिए अपूरणीय क्षति है। डॉ. देबरॉय ने देश की आर्थिक नीतियों में महत्वपूर्ण योगदान दिया था और उनके मार्गदर्शन में कई आर्थिक सुधार लागू हुए थे। उनके निधन से न केवल आर्थिक जगत बल्कि पूरे देश ने एक विद्वान और समर्पित अर्थशास्त्री को खो दिया है। उल्लेखनीय है कि देबरॉय का 69 साल की उम्र में दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में सुबह निधन हो गया। देबरॉय पद्मश्री अवॉर्ड से सम्मानित थे।

गोवर्धन पूजनोत्सव में केसरिया साफा बांधे यदुवंशियों ने निकाली विशाल शोभा यात्रा

वाराणसी (हिंस)। दीपावली पर्व के दूसरे दिन शुक्रवार को केसरिया साफा बांधे यदुवंशियों ने हथुआ मार्केट चेतगंज के मुख्य गेट से विशाल गोवर्धन पूजनोत्सव शोभायात्रा निकाली। गोवर्धन पूजा समिति के बैनर तले निकली अखिल भारतीय गोवर्धन पूजनोत्सव शोभा यात्रा का उद्घाटन उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता व अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक यादव ने किया। शोभा यात्रा में समिति के अध्यक्ष विनोद यादव *गप्पू*, श्री प्रकाश यादव, महामंत्री पारसनाथ यादव, जय प्रकाश यादव, राजेश अहीर, भोला यादव, गोपाल यादव, इंजीनियर अशोक यादव आदि नेताओं की मौजूदगी में समाज के युवाओं ने उल्लास पूर्ण माहौल में ढोल-नगाड़ों की थाप पर थिरकने के साथ परम्परागत मनरी कला (लट्ठबाजी) का प्रदर्शन किया। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां, वाहनों पर मथुरा के कलाकारों के रासनृत्य, भगवान कृष्ण के जीवन से जुड़ी झांकियां, छत्तीसगढ़ राज्य की आकर्षक झांकी, शिव पार्वती, भगवान बलराम श्री कृष्ण की झांकी एवं ग्वाल-बाल की टोली, भूतभावन भगवान शंकर की अघोरी रूप आकर्षण का केंद्र रही। सड़क के दोनों ओर झांकियों के दर्शन के लिए यादव समाज के लोगों का रेला उमड़ा रहा। शोभा यात्रा के आगे-आगे शानदार आतिशबाजी का भी प्रदर्शन हुआ। शोभा यात्रा के स्वागत में जगह-जगह तोरण द्वार सजे रहे। रास्ते में यादव समाज की महिलाओं ने शोभा यात्रा पर पुष्प वर्षा की। यादव बंधुओं ने जगह-जगह पर जलपान के स्टॉल लगाकर शोभा यात्रा में शामिल लोगों को जलपान करा कर पानी पिलाया। इन जगहों पर समिति के सदस्यों का माल्यार्पण, अंगवस्त्रम से सम्मान भी किया गया। शोभायात्रा परम्परागत मार्ग लहुराबीर, पिपलानी कटरा, कबीरचौरा, मैदागिन, विशेश्वरगंज, मच्छोदरी, प्रहलाद घाट, भैसासुरघाट राजघाट होते हुए गोवर्धन धाम पहुंची। गोवर्धन धाम में समाज के लोगों ने गोवर्धनधारी का पूजन-अर्चन किया। गोवर्धन पूजा का यह ऐतिहासिक 5244वां पूजनोत्सव रहा। यहां आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में आजमगढ़ के सांसद सपा नेता धर्मेंद्र यादव और विशिष्ट अतिथि प्रदेश के राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव, विधायक दुर्गा यादव भी शामिल होंगे। शाम को मंच पर यादव समाज के 10 विशिष्टजनों को गोवर्धन श्री सम्मान दिया जाएगा। समिति के अध्यक्ष ने बताया कि शोभा यात्रा में चार प्रदेशों के कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मथुरा के कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण की रासलीलाओं की झांकी की मोहक प्रस्तुति दी।

अखिल भारतीय
गोवर्धन पूजनोत्सव -2024
में आपका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करते है।
गोवर्धन पूजा समिति, वाराणसी
महिमा आर्ट्स नाटी ईमली, वाराणसी

उप्र उपचुनाव : बटेंगे तो कटेंगे के मुकाबले जुड़ेंगे तो जीतेंगे की लगी होर्डिंग

लखनऊ (हिंस)। उत्तर प्रदेश में उपचुनाव की तारीखों की घोषणाओं के बाद एक के बाद एक होर्डिंग लगाकर प्रचार किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बटेंगे तो कटेंगे वाले बयान पर लगी होर्डिंगों के बाद समाजवादी पार्टी की ओर से पहले 27 के सत्ताधीस वाली होर्डिंग लगाई गई और अब दिवाली के अवसर पर जुड़ेंगे तो जीतेंगे वाली होर्डिंग लगा दी गई। उपचुनाव से पहले देवरिया के रहने वाले समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव विजय यादव ने राजनीति को गरमाने के लिए जुड़ेंगे तो जीतेंगे वाली वोटिंग लगाई है। लखनऊ शहर के अलावा पूर्वांचल के गोरखपुर बेल्ट में भी इन होर्डिंग को सड़कों किनारे लगा हुआ देखा जा सकता है। विजय यादव समाजवादी पार्टी के अनुभवी नेताओं में गिने जाते हैं और शिवपाल यादव खेमे के चेहरे के रूप में आते हैं। उपचुनाव के वर्तमान परिदृश्य में होर्डिंग लगाने के मामले में भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी के बाद तीसरा नंबर निषाद पार्टी का भी है।

अपहरण के आरोपी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला, दो पुलिस कर्मी बुरी तरह घायल

पूर्वी चंपारण (हिंस0)। जिले के पहाड़पुर थाना क्षेत्र के पूर्वी सरैया पंचायत के वार्ड नं. 3 में अपहृत लड़की को बरामद करने और अपहरण के आरोपी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर लोगो ने हमला कर दिया। जिसका वीडियो सामने आने के बाद एसपी ने सख्त कदम उठाया है। एसपी ने बताया है, कि घटना दो दिन पुरानी है, लेकिन इसका वीडियो शुक्रवार को सामने आया है। ग्रामीणों के हमला में एक पीएसआई और चौकीदार बुरी तरह जख्मी हो गए है। घटना के बाद 7 लोगों पर एफआईआर दर्ज कर पांच हजार इनाम घोषित किया गया है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि इस मामले में अब तक केवल एक गिरफ्तारी हुई है, जिसको लेकर अरेराज डीएसपी और सर्किल इंस्पेक्टर से स्पष्टीकरण मांगा गया है। जबकि थानाध्यक्ष के वेतन पर रोक लगाते हुए विभागीय कार्रवाई शुरू की गई है। उल्लेखनीय है, कि बीते शनिवार को पहाड़पुर थाना क्षेत्र के एक गांव से दो सगी बहनों के अपहरण की सूचना मिली थी। जिस मामले में लड़की की मां ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी। जिसके बाद पुलिस ने त्वतरित कार्रवाई करते हुए बुधवार को एक लड़की को बेतिया से बरामद कर लिया। वही बरामद लड़की के निशानदेही पर पुलिस दूसरी लड़की के बरामद करने के लिए पूर्वी सरैया पंचायत में गई थी। जहां आरोपी युवक के परिजनों के साथ कुछ लोगों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। घटना में पीएसआई सोनू कुमार का सिर फट गया और चौकीदार मुन्ना कुमार पासवान को भी गंभीर चोट लगी है। इधर घटना को लेकर एसपी स्वर्ण प्रभात ने सोशल मीडिया पर जानकारी शेयर करते हुए अब तक सिर्फ एक गिरफ्तारी होने पर अपनी नाराजगी व्यक्त की है और हमलावर पर पांच-पांच हजार के इनाम की घोषणा की है।

पूरे देश में मनाए जाने वाले इस त्योहार के दिन बहनें अपने भाई को तिलक लगाकर उनके उज्ज्वल भविष्य और उनकी लंबी उम्र की कामना करती हैं। भाई-बहन के परस्पर प्रेम और स्नेह का प्रतीक त्यौहार भैया दूज दीपावली के अगले दिन या दूसरे दिन मनाया जाता है। यह त्योहार कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीय तिथि को मनाया जाता है। यह त्योहार 29 अक्टूबर को मनाया जाएगा। दीपावली के अंतिम दिन कार्तिक शुक्ल द्वितीया तिथि को भाई दूज का पर्व मनाने की परंपरा होती है। आइए जानते हैं भाई को टीका लगाने का महत्व, कथा और बहुत ही रोचक जानकारी।

प्रेम- स्नेह का प्रतीक
भाई दूज

हिन्दू धर्म में भाई-बहन के स्नेह-प्रतीक दो त्योहार मनाये जाते हैं - एक रक्षाबंधन जो श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। इसमें भाई बहन की रक्षा करने की प्रतिज्ञा करता है। दूसरा त्योहार, 'भाई दूज' का होता है। इसमें बहनें भाई की लम्बी आयु की प्रार्थना करती हैं। भाई दूज का त्योहार कार्तिक मास की द्वितीया को मनाया जाता है। भैया दूज को भ्रातृ द्वितीया भी कहते हैं। इस पर्व का प्रमुख लक्ष्य भाई तथा बहन के पावन संबंध व प्रेमभाव की स्थापना करना है। इस दिन बहनें बेरी पूजन भी करती हैं। इस दिन बहनें भाइयों के स्वस्थ तथा दीर्घायु होने की मंगल कामना करके तिलक लगाती हैं। इस दिन बहनें भाइयों को तेल मलकर गंगा यमुना में स्नान भी कराती हैं। यदि गंगा यमुना में नहीं नहाया जा सके तो भाई को बहन के घर नहाना चाहिए। इस दिन गोधन कूटने की प्रथा भी है। गोबर की मानव मूर्ति बना कर छाती पर ईंट रखकर स्त्रियां उसे मूसलों से तोड़ती हैं। स्त्रियां घर-घर जाकर चना, गूम तथा भटकैया चराव कर जिव्हा को भटकैया के कांटे से दागती भी हैं। दोपहर पर्यन्त यह सब करके बहन भाई पूजा विधान से इस पर्व को प्रसन्नता से मनाते हैं। इस दिन यमराज तथा यमुना जी के पूजन का विशेष महत्व है।

भोजन का विशेष महत्व

यदि बहन अपने हाथ से भाई को जीमाए तो भाई की उम्र बढ़ती है और जीवन के कष्ट दूर होते हैं। इस दिन चाहिए कि बहनें भाइयों को चावल खिलाएं। इस दिन बहन के घर भोजन करने का विशेष महत्व है। बहन चचेरी अथवा ममेरी कोई भी हो सकती है। यदि कोई बहन न हो तो गाय, नदी आदि स्त्रीत्व पदार्थ का ध्यान करके अथवा उसके समीप बैठ कर भोजन कर लेना भी शुभ माना जाता है।

धर्म ग्रंथों के अनुसार

इस दिन यमुना ने अपने भाई यम को घर पर आमंत्रित किया था और स्वागत सत्कार के साथ टीका लगाया था तभी से यह त्योहार मनाया जाता है। इस पर्व को यम द्वितीया के नाम से भी जाना जाता है। कहा जाता है कि एक बार यमराज के पास उनकी बहन यमुना का संदेश आया तो यमराज सब कुछ छोड़कर उनसे मिलने पहुंच गए और इसी तरह से यम द्वितीया का त्योहार शुरू हुआ। भविष्योत्तर पुराण में यम द्वितीया यानी भैया दूज मनाने का यही कारण बताया गया है।

भविष्योत्तर पुराण के अनुसार: यमराज ने यमुना को वरदान दिया है कि जो भी व्यक्ति यमद्वितीया के दिन यमुना के जल में स्नान करके बहन के घर जाकर उनके हाथों से बना भोजन करेगा उसकी आयु लंबी होगी। यमद्वितीया के दिन अगर यमुना में स्नान नहीं पाते तो बहन के घर जाकर उसके हाथों से यमुना जल का टीका लगवाएं और उनके हाथों से बना भोजन करें तो इससे भी अकाल मृत्यु से रक्षा होती है।

चौमुखा दीपक जला: भाई दूज का रात को यमराज के नाम का चौमुखा दीपक जला कर मुख्य दरवाजे पर रखें. ऐसा करने भाई पर किसी प्रकार का विघ्न या बाधा नहीं आती है और उसका जीवन सुखमय रहता है।

भाई दूज का मन्त्र

गंगा पूजा यमुना को, यमी पूजे यमराज को। सुभद्रा पूजे कृष्ण को, गंगा यमुना नीर बहे मेरे भाई आप बढ़ें फूले फलें।

भाई दूज का महत्व

शास्त्रों के अनुसार भाई और बहन के निश्छल प्रेम के प्रतीक भाई दूज के पर्व की शुरुआत यमुना और उनके भाई यमराज की एक कथा से है। इस दिन प्रत्येक पुरुष को अपनी छोटी बहिन के घर भोजन करना चाहिए , अगर छोटी बहन न हो तो बड़ी या रिश्ते की किसी भी बहन के यहाँ भोजन करना चाहिए , इस दिन प्रत्येक व्यक्ति यदि विवाहित है तो अपनी पत्नी सहित अपने बहन के यहाँ जाये प्रेम से भोजन करें उसके बाद यथाशक्ति अपनी बहन को भेंट दें और तिलक कराएँ तो उसके सौभाग्य में वृद्धि होती है । इस दिन सभी बहनों को अपने भाइयों को तिलक लगाकर उनके दीर्घायु की कामना करनी चाहिए ।

- यमराज जी कहते है की इस दिन किसी भी पुरुष को अपने घर में किसी भी दशा में भोजन नहीं करना चाहिए । श्री सूर्य भगवान ने तो यहाँ तक कहा है की जो मनुष्य यम दीतिया के दिन बहन के हाथ का भोजन नहीं करता है उसके साल भर के सभी पुण्य नष्ट हो जाते है ।
- आविवाहित बहन के होने पर उसी बहन के हाथों का ही बना भोजन करना चाहिए ।
- सनतकुमार संहिता में कहा गया है की जो स्त्री कार्तिक शुक्ल पक्ष की दीतिया को अपने भाई को आदरपूर्वक बुलाकर सुरुचि पूर्वक भोजन कराती है तथा भोजन के बाद उसे पान खिलाती है वह सदा सुहागन रहती है , साथ ही ऐसी बहन के भाई को भी दीर्घ आयु की प्रप्ति होती है । इस लिए इस दिन बहन के हाथों से पान जरुर खान चाहिए ।
- लिंग पुराण में वर्णित है की जो कन्या / स्त्री इस दिन अपने भाई का पूजन करके उसको तिलक नहीं लगाती है उसका सम्मान नहीं करती है वह सात जन्म तक बिना भाई के ही रहती है ।
- यह भी मान्यता है की भगवान श्रीकृष्ण नरकासुर को मारने के बाद इसी दिन अपनी बहन सुभद्रा का घर गए थे। वहां सुभद्रा ने भगवान श्रीकृष्ण के मस्तक पर तिलक लगा कर उनकी आरती उतार कर उनका स्वागत किया था। तभी से भी भाई दूज का यह पवित्र त्यौहार मनाया जाने लगा है।

भाई दूज में रखे ध्यान

- भाई दूज के दिन भाइयों को अपनी बहनो के यहाँ जाकर टीका लगवाना चाहिए। भाई दूज के दिन भाइयों को अपनी बहनो के घर में ही भोजन करना चाहिए अपने घर में नहीं ।
- बहनो को चाहिए की वे अपने भाइयो को भोजन में चावल अवश्य ही खिलाएं।
- भाई - बहन के स्नेह का, सौभाग्य का पवित्र पर्व है अत : इस दिन शुभ मुहूर्त का अवश्य ही ध्यान दें , टीका सदैव शुभ मुहूर्त में ही टीका लगवाना चाहिए।
- बहने अपने भाइयों को टीका लगाते हुए यह ध्यान रखे कि भाइयों का मुख पूर्व दिशा की ओर हो , टीका लगाते हुए भाई एवं बहन दोनों को ही अपने सर पर कोई भी कपड़ा अवश्य ही रखना चाहिए अर्थात दोनों का सर ढंका होना चाहिए ।
- बहने अपने भाइयों को टीका लगाने के लिए एक थाली तैयार करें उसमें रोली, अखण्डित अक्षत(चावल), मिष्ठान, नारियल, और पान रखा हो।(बहुत स्थानों पर बहने अपने भाइयों का तिलक करने के बाद उनकी आरती भी उतारती है।)
- मस्तक पर टीका लाल रोली का लगाएं तथा उसके बाद अक्षत या खीलें भी अवश्य ही लगाएं ।
- बहनो को अपने भाइयो के मस्तक पर तिलक करते हुए उनके सुख सौभाग्य, आरोग्य और भाइयो की लम्बी उम्र के लिए एक मन्त्र का जाप अवश्य ही करना चाहिए।

भैया दूज पर बहनों को दें तकनीक का सुरक्षा कवच

इस भैया दूज अपनी बहन को कुछ खास तोहफा देने का मन बना रहे हैं तो उन्हें सुरक्षा की वस्तुएं दे सकते हैं। इनका इस्तेमाल वे मुसीबत के समय कर सकती हैं। गूगल प्ले स्टोर पर कई एप ऐसे हैं जो मुसीबत के समय फोन की लोकेशन करीबी लोगों को भेज कर खतरे की खबर देते हैं। इसके अलावा चिली पेपर स्प्रे को भी बतौर गिफ्ट दे सकते हैं। आइए जानते हैं कुछ ऐसे ही स्मार्ट एप और गैजेट के बारे में जो बहनों के लिए उपयोगी साबित हो सकते हैं... एंड्रॉयड और आईओएस को सपोर्ट करने वाला 'आईफॉलो' एप्लीकेशन महिलाओं की सुरक्षा के लिए तैयार किया गया है। महिलाएं अगर किसी अनजान जगह पर खतरा महसूस करती हैं और यह एप उनके फोन में मौजूद है तो वे फोन अनलॉक किए बगैर भी अपने जानने वाले लोगों को अलर्ट मैसेज भेज सकती हैं।

फोन को तीन बार हिलाने पर खुद चला जाएगा मैसेज: फोन में 'आईफॉलो' एप को डाउनलोड करने के बाद तीन बार जोर से हिलाने पर यह खुद ब खुद तीन लोगों को मैसेज भेज देगा। ध्यान रखें कि यह उन्हीं नंबर पर मैसेज भेजेगा जो यूजर ने एप में सेव किए हैं। यह एप यूजर की लोकेशन भी मैसेज में भेजता है जिससे मैसेज प्राप्त करने वाले को जगह की जानकारी मिल जाती है। मैसेज के साथ इसमें ऑटोमैटिक कॉल करने की सुविधा भी है। पहले इस एप को फोन में इंस्टॉल करें। इसके बाद तीन लोगों के कॉन्टेक्ट नंबर सेव करें जिन्हें इमरजेंसी में मैसेज भेजना चाहते हैं। इस एप को गूगल प्ले स्टोर से मुफ्त में डाउनलोड किया जा सकता है।

सुंदर ग्रीटिंग कार्ड: अगर आप अपनी बहन से दूर रहते हैं तो सिर्फ एक क्लिक से उन्हें खुश कर सकते हैं। गूगल प्ले पर कई एप ऐसे हैं जिनके जरिए अपनी बहन के फोटो से उनके लिए खास और खूबसूरत कार्ड बना सकते हैं। भैया दूज पर बहन को बधाई देने के लिए खास मैसेज भेजने के लिए भी दर्जनों एप मौजूद हैं। इनकी मदद से स्पेशल मैसेज, खास कोट्स भेज सकते हैं। कुछ एप पर बहनों के लिए ऐसे सैकड़ों मैसेज हैं जो आपकी भावनाओं को बहन तक पहुंचाएते हैं। ऐसा ही एक एप है। इस एप पर भाई-बहनों के लिए ग्रीटिंग कार्ड से लेकर अलग तरह-तरह के लोकप्रिय मैसेज है जो यूजर को अपनी भावनाएं जाहिर करने का विकल्प देते हैं।

चिली गार्ड पेपर स्प्रे: मुसीबत के समय यह स्प्रे बहुत ही उपयोगी साबित हो सकता है। मिसाल के तौर पर अगर कोई व्यक्ति परेशान कर रहा है तो उसके मुंह पर स्प्रे की मदद से मिर्च का छिड़काव करके महिलाएं वहां से बच कर निकल सकती हैं। इसे 200 रुपये में खरीदा जा सकता है। इन चिली स्प्रे के अंदर लाल मिर्च का पाउडर होता है जो कुछ समय तक सामने वाले की आंखों में जलन पैदा करता है। जैसे परफ्यूम को दबाकर प्रयोग करते हैं वैसे ही इस स्प्रे का भी प्रयोग किया जाता है। ऑनलाइन बाजार के अलावा इसे स्थानीय बाजार से भी खरीदा जा सकता है।

स्वस्थ जिंदगी के लिए फिटनेस बैंड: तोहफे के रूप में घड़ी देने का मन बना रहे हैं तो फिटनेस ट्रैकर एक अच्छा विकल्प बन सकता है। फिटनेस ट्रैकर में घड़ी के साथ हार्ट बीट रेट सेंसर और रक्तचाप बताने वाले यंत्र लगा होता है। यहां तक कि ये ट्रैकर पूरे दिन पैदल तय की गई दूरी भी बताते हैं। इस तरह के फिटनेस ट्रैकर में रिचार्जेबल बैटरी लगी होती है। इससे यूजर को स्वस्थ रहने में मदद मिलती है। साथ ही बाजार में इंटेक्स और जेब्रानिक्स के फिटनेस ट्रैकर 1,500 रुपये से कम में खरीदे जा सकते हैं।

बिजली का झटका मारती है स्टनगन: चिली पाउडर स्प्रे के अलावा सेल्फ डिफेंस के लिए स्टनगन का प्रयोग किया जा सकता है। इस तरह की गन बिजली का तेज झटका मारती हैं। इसका झटका थोड़ी देर के लिए बेहोशी जैसी अवस्था में ले जा सकता है। यहां तक कि अंधेरे के लिए इसमें एलईडी बल्ब भी दिया जाता है। इसे दोबारा प्रयोग करने के लिए चार्ज करना होता है। यह चंद मिनट में फुल चार्ज हो जाती हैं। लाल मिर्च पाउडर स्प्रे की तरह इसे भी ऑनलाइन और स्थानीय बाजार दोनों जगह से खरीद सकते हैं।

वस्तुओं की कीमतों में करें तुलना: भैया दूज पर बहन के लिए कोई अच्छा सा तोहफा देने के लिए ऑनलाइन शॉपिंग कर हैं तो 'प्राइज कंपेरीजन' एप और वेबसाइट की मदद ले सकते हैं। यह एप अलग-अलग वेबसाइटों पर मिलने वाले सामान की कीमतों को एक ही जगह पर बताते हैं। इससे यूजर को कीमतों की तुलना करने के लिए अलग-अलग वेबसाइटों पर विजिट करने की जरूरत नहीं पड़ती है।

सफेद बाल फिर से होंगे नैचुरली काले

सफेद बालों बुढ़ापे की निशानी माना जाता है लेकिन आजकल समय से पहले ही लोगों के बाल सफेद होना शुरू हो जाते हैं। समय से पहले ही बालों में सफेदी आने का सबसे बड़ा कारण तनाव, खाने-पीने की गलत आदतें व प्रदूषण है। पोषक तत्वों से भरपूर भोजन ना खाना, धूम्रपान करना, शराब पीना और बहुत ज्यादा जंक फूड खाना, यह सब बालों को सफेद करते हैं। इसके अलावा हार्मोंस असंतुलन, दवाओं के साइड इफेक्ट और रोजाना शैंपू के इस्तेमाल से भी बाल सफेद होते हैं। इन्हें छिपाने के लिए लोग तरह तरह के नुस्खे अपनाते हैं। हेयर डाई, कलर, हीना पाऊडर और ना जाने कौन-कौन से ब्यूटी प्रॉडक्ट्स इस्तेमाल किए जाते हैं लेकिन हेयर कलर में कैमिकल होते हैं जो सैंसटिव स्किन वाले लोगों के लिए परेशानी का सबब बन सकते हैं और यह सब तरीके टेम्परर्री हैं। इसकी जगह पर आप कुछ किफायती घरेलू नुस्खे अपना सकते हैं जो आपके बालों को फिर से नैचुरल काला करने में सक्षम होते हैं।

बाल क्यों होते हैं सफेद

बालों में मेलनिन नाम का पिग्मेंट पाया जाता है जो उम्र के साथ कम होने लगता है, जिससे बाल सफेद होते हैं लेकिन कुछ लोगों के बालों में यह उम्र से पहले ही बनना बंद हो जाता है, जिससे कम उम्र में ही बाल सफेद हो जाते हैं।

इंडिगो हेयर डाई

आप इंडिगो डाई से भी बालों को नैचुरली काला कर सकते हैं। यह इंडिगोफेरा टिनक्टोरिया नाम के पौधे से मिलती है, जिसका रंग गहरा नीला होता है। वैसे इंडिगो का इस्तेमाल जींस व अन्य कपड़ों को रंगने के लिए किया जाता है। इसके अलावा बिच्छु डंक और ओवेरियन व पेट के कैंसर के इलाज में भी इसका इस्तेमाल होता है। **कैसे करें अपलाई:** इंडिगो कलर को आप हीना पाऊडर में मिक्स करके लगाएंगे तो बालों का रंग डार्क ब्राऊन होगा। यह बालों को मजबूती शाईन और बढ़िया टेक्सचर देते हैं। **ध्यान दें:** लेकिन इस डाई का इस्तेमाल करने से पहले डाक्टर से सलाह जरूर लें।

सफेद बालों को काला करने के टिप्स

सफेद बालों को काला करने के लिए कुछ घरेलू नुस्खे अपनाएं। इससे बालों को नुकसान भी नहीं होगा। आज हम आपको कुछ घरेलू नुस्खे बताते हैं जो बालों को दोबारा काला करने में बेहद कारगर है।

प्याज का रस



प्याज के रस में नींबू मिलाकर बालों की जड़ों में लगाएं। 10 मिनट ऐसे ही रहने दें। बाद में सिर धो लें।

हरी मेंहदी और मेथी

हरी मेंहदी यानि हीना पाऊडर को मेथी के साथ मिक्स करके पेस्ट तैयार कर लें उसमें नारियल का तेल भी मिलाएं। इससे बालों की मसाज करें। आप चाहें तो मेथी दाना पाऊडर का इस्तेमाल भी कर सकते हैं।

चायपत्ती

सप्ताह में 2 बार बालों को चायपत्ती के पानी से धोएं। इससे बाल मजबूत, काले और मुलायम होंगे। आप कॉफी के पानी का इस्तेमाल भी कर सकते हैं।

लौकी और जैतून का तेल

लौकी के रस में जैतून का तेल मिलाकर बालों में मसाज करें। आधे घंटे बाद बालों को धो लें।

आंवला और तुलसी



आंवला पाउडर में तुलसी के पत्तों को पीसकर मिलाएं। इसे पानी में घोलकर बालों की जड़ों में लगाने से असमय सफेद बाल फिर से काले हो जाते है। आप तुलसी की जगह गुड़हल के फूलों का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे बालों की मसाज करें फिर आधे पौने घंटे के बाद सिर ताजे पानी से धो लें।

बादाम का तेल

बादाम के तेल में आंवले के रस को मिलाकर बालों में मसाज करें। एक घंटे बाद बालों में शैम्पू कर लें।

स्टोक्स, बटलर ने ईसीबी के साथ किया दो साल का केंद्रीय अनुबंध

लंदन, (हि.स.)। दो इंग्लिश कप्तानों बेन स्टोक्स और जोस बटलर ने इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के दो साल के केंद्रीय अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। टेस्ट कप्तान स्टोक्स पहले एक साल के अनुबंध पर थे जबकि बटलर दो साल की अवधि के अनुबंध पर थे। केंद्रीय अनुबंध वाले 29 पुरुष टीम के खिलाड़ियों में से सात दो साल के अनुबंध पर हैं जबकि 19 के पास वार्षिक अनुबंध हैं और तीन इंग्लैंड विकास अनुबंध पर हैं। विकेटकीपर-बल्लेबाज जेमी स्मिथ ने भी दो साल का अनुबंध किया है। वह 2023 में शुरू की गई बहु-वर्षीय प्रणाली के तहत पहली बार इंग्लैंड के केंद्रीय अनुबंध पर हस्ताक्षर करने वाले पाँच खिलाड़ियों में से एक हैं। विल जैक्स, शोएब बशीर, फिल साल्ट और ओली स्टोन अन्य चार हैं - सभी ने एक साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। जॉन टर्नर के साथ जैकब बेथेल और जोश हल भी इंग्लैंड डेवलपमेंट अनुबंध के लिए शामिल हुए हैं। इस बीच, गस एटकिंसन ने दो साल के सौदे पर हस्ताक्षर करके इसे नवीनीकृत किया है और जैक लीच और रीस टॉपली की जोड़ी ने एक-एक साल का अनुबंध किया है। ईसीबी के अनुसार, "यह प्रणाली, जो लाल गेंद और सफेद गेंद दोनों खिलाड़ियों को कवर करती है, पिछले वर्ष के प्रदर्शन को मान्यता देते हुए अगले अवधि में सभी प्रारूपों में इंग्लैंड की टीमों में खेलने वाले खिलाड़ियों की संभावना पर विचार करती है।" इंग्लैंड पुरुष क्रिकेट के प्रबंध निदेशक रॉब की ने कहा, "इंग्लैंड पुरुष लाल और सफेद गेंद क्रिकेट में प्रतिभा की ताकत और गहराई केंद्रीय अनुबंध वाले खिलाड़ियों की गुणवत्ता में स्पष्ट है। ये अनुबंध उन खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हैं जिनके बारे में हमारा मानना है कि वे हमारी इंग्लैंड पुरुष टीमों के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। हमारे दोनों कप्तानों, बेन स्टोक्स और जोस बटलर ने दो साल के केंद्रीय अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं जो सभी खिलाड़ियों की अपने देश के लिए खेलने को प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।"

अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं के लिए किक बॉक्सर रिंका सिंह चौधरी को आर्थिक मदद देगी योगी सरकार

-मुख्यमंत्री आदित्यनाथ से मिलीं अंतरराष्ट्रीय किक बॉक्सर रिंका सिंह चौधरी

गोरखपुर, (हि.स.)। गत दो माह में विश्व कप और एशियन किक बॉक्सिंग में सिल्वर मेडल जीतने वाली गोरखपुर की रिंका सिंह चौधरी को आगामी अंतरराष्ट्रीय स्पधाओं के लिए योगी सरकार आर्थिक मदद देगी। गोरखनाथ मंदिर में रिंका से मुलाकात करने के बाद इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय किक बॉक्सर को भरोसा दिया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए सरकार धन की कमी आड़े नहीं आने देगी। गोरखपुर के खोराबार क्षेत्र स्थित गौरीमंगलपुर निवासी रिंका सिंह चौधरी ने 24 से 29 सितंबर तक उज्बेकिस्तान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय किक बॉक्सिंग विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता। साथ ही उन्होंने कम्बोडिया में 6 से 13 अक्टूबर तक आयोजित एशियन किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भी सिल्वर मेडल अपने नाम किया। अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपने जीते इन दोनों मेडल के साथ रिंका सिंह चौधरी ने शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री आदित्यनाथ से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने रिंका के मेडल देखकर खूब उत्साह बढ़ाया और शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी। मुलाकात के दौरान इस अंतरराष्ट्रीय किक बॉक्सर ने आगामी इंटरनेशल टूनार्मेंट्स के लिए आर्थिक दिक्कत का जिक्र कर सहायता का अनुरोध किया। इस पर आदित्यनाथ ने कहा कि किसी भी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन पैसे की कमी से बाधित नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि रिंका की पूरी मदद की जाए। मुख्यमंत्री ने रिंका को उज्वल भविष्य का आशीर्वाद देते हुए यह मंगलकामना की कि आगामी अंतरराष्ट्रीय स्पधाओं में वह गोल्ड मेडल जीतें।

आईआईएचएफ आइस हॉकी महिला एशिया चैम्पियनशिपः चीन ने कजाकिस्तान को 5-0 से हराया

बीजिंग, (हि.स.)। चीन ने गुरुवार को बीजिंग के शोगांग पार्क में आयोजित प्रथम अंतरराष्ट्रीय आइस हॉकी महासंघ (आईआईएचएफ) आइस हॉकी महिला एशिया चैम्पियनशिप के पहले मैच में कजाखस्तान को 5-0 से हराया। चीन की क्यू यू ने घरेलू मैदान पर मैच शुरू होने के 56 सेकंड बाद ही गोल कर चीन को 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद उनकी टीम की साथी झांग बियांग और फेंग शिन ने पहले दौर में दो और गोल करके अपनी टीम को 3-0 से आगे कर दिया। चीन ने दूसरे और तीसरे दौर में बढ़त को और बढ़ाया व अंत में 5-0 की जीत हासिल की। चीन की कप्तान यू बाईवेई ने मैच के बाद कहा, "हमारी टीम के लिए यह अच्छी शुरूआत थी। युवा खिलाड़ियों ने इस उच्च स्तरीय आयोजन में अनुभव और आत्मविश्वास हासिल करने के लिए गोल और असिस्ट किए। हम जापान और अन्य टीमों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए उत्सुक हैं, जो हमें अपनी क्षमता का दोहन करने में मदद कर सकती है। पूरी टीम अंत तक लड़ेगी।" दूसरे गेम में जापान ने दक्षिण कोरिया को 12-0 से रौंदा। जापान ने छह मिनट में दो गोल करके स्कोरलाइन की शुरूआत की और अकेले दूसरे पीरियड में सात गोल करके जीत सुनिश्चित की। भाग लेने वाली सभी चार टीमों में, विश्व की 7वें नंबर की टीम जापान टूनार्मेंट में सर्वोच्च स्थान पर है, उसके बाद चीन 12वें स्थान पर है। इवेंट का दूसरा राउंड शनिवार को होगा, जिसमें चीन का सामना दक्षिण कोरिया से होगा, जबकि जापान का सामना कजाकिस्तान से होगा। अंतिम राउंड रविवार को होगा। आइस हॉकी स्थल को भी लगभग एक महीने पहले शूगांग पार्क में विश्व टेबल टेनिस चाइना स्मैश की मेजबानी के लिए बदल दिया गया था, जहाँ प्रतिष्ठित बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक स्थल बिग एयर शूगांग स्थित है।

एफसी बार्सिलोना ने फर्मिन लोपेज के अनुबंध को 2029 तक बढ़ाया



मैड्रिड, (हि.स.)। एफसी बार्सिलोना ने गुरुवार को 21 वर्षीय मिडफील्डर फर्मिन लोपेज के साथ जून 2029 के अंत तक एक नए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। नए सौदे में लोपेज के रिलीज क्लॉज को बढ़ाकर 500 मिलियन यूरो कर दिया गया है, जो अन्य क्लबों के लिए लगभग असंभव है। लोपेज 2023 की गर्मियों में बार्सिलोना में तब छाए जब उन्होंने क्लब के समर टूर में रियल मैड्रिड के खिलाफ गोल किया और उन्होंने 31 लीग मैचों के साथ सीजन का अंत किया, जिसमें आठ गोलों ने दिखाया कि वे प्रतिद्वंद्वी पेनल्टी क्षेत्रों में लगभग बिना किसी परेशानी के पहुँच सकते हैं। उनके फॉर्म ने उन्हें यूरोपीय चैंपियनशिप के लिए स्पेन की राष्ट्रीय टीम में जगह दिलाई और हालाँकि उन्होंने स्पेन के खिताब जीतने के दौरान शायद ही कोई मैच खेला हो, फिर भी उन्हें पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए टीम में शामिल किया गया, जहाँ उन्होंने अपने बाकी अंतरराष्ट्रीय साथियों के साथ स्वर्ण पदक जीता। हालांकि पिछले सीजन में उन्होंने 2027 तक क्लब में अपना प्रवास बढ़ाया था, लेकिन उनके सकारात्मक प्रदर्शन और मैदान में ऊपर तक दबाव बनाने की क्षमता को देखते हुए क्लब ने 2029 तक उनके करार को बढ़ा दिया।

आईपीएल 2025 : मुंबई इंडियंस के कप्तान बने रहेंगे हार्दिक पांड्या

नई दिल्ली, (हि.स.)। हार्दिक पांड्या इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2025 सीजन में मुंबई इंडियंस के कप्तान बने रहेंगे। हार्दिक ने आईपीएल 2024 में रोहित शर्मा की जगह यह भूमिका निभाई, जिन्होंने टीम को पांच खिताब दिलाए। हार्दिक ने अपने रिटेंशन के बाद कहा, "मैंने अपने जीवन में जो कुछ भी हासिल किया है, वह मुंबई इंडियंस का हिस्सा है।" उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि मुझे बहुत सारा प्यार मिला है, यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मेरी यात्रा यहीं से शुरू हुई और आप जानते हैं कि मैंने अपने जीवन में जो कुछ भी हासिल किया है, वह मुंबई इंडियंस का हिस्सा है।" रोहित की कप्तानी में, मुंबई ने पांच आईपीएल खिताब जीते, जिससे वह चेन्नई सुपर किंग्स के एमएस धोनी के साथ टूनार्मेंट के इतिहास में संयुक्त रूप से सबसे सफल कप्तान बन गए। गुजरात टाइटन्स के कप्तान के रूप में हार्दिक के प्रभावशाली कार्यकाल के बाद, जहाँ उन्होंने टीम को लगातार सीजन में चैंपियनशिप खिताब और उपविजेता दोनों तक पहुँचाया, मुंबई ने उन्हें वापस अपनी टीम में जोड़ा और उन्हें टीम का कप्तान नियुक्त किया। रोहित ने आईपीएल और चैंपियंस लीग टी20 में कुल 163 मैचों में मुंबई इंडियंस का नेतृत्व किया, जिसमें टीम ने 91 मैचों में जीत दर्ज की, चार टाई हुए और 68 मैच में टीम को हार मिली। उनकी कप्तानी के दौरान, मुंबई पांच आईपीएल फाइनल में पहुंची- 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 में- और हर एक में विजयी हुई।

भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान आती है तो उसका अच्छी तरह से ध्यान रखा जाएगा : अकरम



लाहौर (ईएमएस)। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान वसीम अकरम ने कहा है कि भारतीय टीम अगर अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान आती है तो उसका शानदार स्वागत होगा। अकरम ने कहा कि इस दौरान भारतीय टीम का अच्छे तरीके से ध्यान रखा जाएगा। अकरम ने कहा कि हाल के दिनों में बदलाव आया है और मुझे भारत सरकार और बीसीसीआई का रुख सकारात्मक दिख रहा है। मैंने कहीं पर यह भी पढ़ा कि उनके सभी मैच लाहौर में होंगे। वे लाहौर आएंगे और उसी रात को वापस स्वदेश लौट जाएंगे। जब तक भारतीय टीम सहज है, मैं इसके लिए तैयार हूं।

मैं आपसे वादा करता हूं की यहां भारतीय टीम का काफी अच्छे से ख्याल रखा जाएगा। अकरम के अनुसार भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली, रोहित शर्मा, हार्दिक पंड्या और सूर्यकुमार यादव के पाकिस्तान में प्रशंसक हैं और युवा क्रिकेट प्रशंसक उनको पसंद करते हैं। उन्होंने कहा आज सोशल मीडिया के जमाने में दुनिया भर में बहुत नकारात्मकता भर गयी है पर मुझे लगता है कि अगर भारतीय टीम आयेगी तो यह क्रिकेट के लिए अच्छा होगा और पाक के लिए भी अच्छा होगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) 19 फरवरी से नौ मार्च तक पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करेगी। चैंपियंस ट्रॉफी में 8 टीम भाग लेंगी और ये दो समूहों में होंगी, जिसमें से 4 टीम सेमीफाइनल में उतरेंगी और इसके बाद फाइनल खेला जाएगा। टूनार्मेंट में भाग लेने वाली टीम अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांगलादेश, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका हैं। पीसीबी ने भारत के सभी मैच लाहौर में कराने का प्रस्ताव भी दिया है जो भारतीय सीमा के करीब है जिससे सुरक्षा संबंधी बातों का ध्यान रखना आसान रहेगा। पीसीबी ने साथ ही कहा कि वे 17 हजार वीजा भी भारतीय प्रशंसकों को जारी करेंगे जो अपनी टीम के साथ रहना चाहते हैं। फाइनल के साथ सेमीफाइनल भी लाहौर में होगा अगर भारत क्वालफिाई करता है। गौरतब है कि भारतीय टीम ने साल 2008 से ही पाकिस्तान में कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है और और माना रहा है कि उसके चैंपियंस ट्रॉफी के मुकाबले भी किसे अन्य देश में खेले जाएंगे।

आईसीसी के उपाध्यक्ष बने रहेंगे इमरान ख्वाजा



नई दिल्ली, (हि.स.)। इमरान ख्वाजा को एक और कार्यकाल के लिए फिर से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनका नया कार्यकाल 1 दिसंबर, 2024 से शुरू होगा, जिस दिन बीसीसीआई सचिव जय शाह आईसीसी अध्यक्ष के रूप में अपना कार्यकाल शुरू करेंगे। ख्वाजा, जो पहली बार 2008 में आईसीसी बोर्ड के लिए चुने गए थे, 2017 से उपाध्यक्ष हैं। उस दौरान, उन्होंने अंतरिम अध्यक्ष का पद भी संभाला था, जुलाई 2020 में शशांक मनोहर का कार्यकाल समाप्त होने के बाद वे इस पद पर आए थे। उस वर्ष बाद में, ख्वाजा ने ग्रेग बार्कले के खिलाफ शीर्ष पद के लिए नेतृत्व चुनाव लड़ा, जिसमें दो राउंड की वोटिंग के बाद बार्कले ने जीत हासिल की थी। इस वर्ष जुलाई में, कोलंबो में आईसीसी की वार्षिक आम बैठक में, ख्वाजा को आईसीसी बोर्ड में बैठने वाले तीन एसोसिएट सदस्य निदेशकों में से एक के रूप में फिर से चुना गया। इस साल अगस्त में शाह को बार्कले की जगह निर्विरोध अध्यक्ष नियुक्त किया गया था, उन्होंने अपने तीन कार्यकालों में से दो कार्यकाल पूरे किए। 35 साल की उम्र में शाह आईसीसी के प्रमुख बनने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति हैं और जगमोहन डालमिया, शरद पवार, एन श्रीनिवासन और मनोहर के बाद इस पद पर आसीन होने वाले पांचवें भारतीय भी हैं। आईसीसी ने अध्यक्ष और बोर्ड निदेशकों के कार्यकाल की सीमा में बदलाव करने वाली एक सिफारिश पर भी मतदान किया है। दो-दो साल के अधिकतम तीन कार्यकाल के बजाय अब कार्यकाल तीन-तीन साल के अधिकतम दो कार्यकाल होंगे।

निजी लक्ष्य नहीं टीम हितों का ध्यान रखने वाले खिलाड़ी हमें चाहिये थे : संजीव गोयनका

नई दिल्ली। लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) के मालिक संजीव गोयनका ने कहा है कि हमें उन खिलाड़ियों को रिटने किया है जो टीम हित को सबसे पहले रखते हैं। गोयनका ने कहा कि अपने निजी लक्ष्य रखने वाले खिलाड़ी हमें नहीं चाहिये। लखनऊ ने आईपीएल सत्र के लिए रवि बिश्नोई, मयंक यादव, आयुष बदोनी और मोहसिन खान को रिटेन (बरकरार) रखा है। गोयनका ने कहा है कि टीम की रिटेंशन रणनीति उन खिलाड़ियों को बनाए रखने की है जो अपने व्यक्तिगत लक्ष्यों से पहले टीम को महत्व देते हैं। आईपीएल 2025 रिटेंशन सूची में टीम ने अपने कप्तान केएल राहुल को भी रिलीज कर दिया है। अब उनकी जगह पर निकोल्स पूरन कप्तान होंगे। उन्हें 21 करोड़ रुपए मिलेंगे। उसके बाद बिश्नोई और मयंक को 11-11 करोड़ रुपए पर रखा हैं जबकि बडोनी और मोहसिन को 4 करोड़ रुपए पर बरकरार रखा गया है। गोयनका ने रिटेंशन सार्वजनिक होने के बाद कहा कि पहला रिटेंशन 2 मिनट के भीतर हुआ यानी निकोलस पूरन। हमारी बहुत ही सरल मानसिकता थी कि हम ऐसे खिलाड़ियों के साथ उतरें जिनके पास जीतने की मानसिकता हो, जो टीम को अपने व्यक्तिगत लक्ष्यों और आकांक्षाओं से पहले रखते हों। और हम अपने उपलब्ध पर्स में जितना संभव हो उतना कोर समूह रखना चाहते थे। हमारे पास एक मजबूत गेंदबाजी इकाई थी, इसलिए हम पिछले सत्र के तीन गेंदबाजों बिश्नोई, मयंक और मोहसिन के साथ गए। पूरन अच्छा क्रिकेटर है। वहीं आयुष ने हमारे लिए नंबर 6 और नंबर 7 पर अच्छा प्रदर्शन किया है। गौरतलब है कि राहुल के अलावा, एलएसजी ने क्विंटन डी कॉक, क्रुणाल पंड्या, नवीन-उल-हक, दीपक हुडा और मार्कस स्टोइनिस जैसे खिलाड़ियों को बाहर कर दिया है। मेगा नीलामी में जाने के लिए फ्रेंचाइजी के पास राइट-टू-मैच (आरटीएम) कार्ड और कुल 69 करोड़ रुपए हैं। नीलामी के दौरान लखनऊ इसका इस्तेमाल कर सकती है। इस बीच, आईपीएल 2022 चैंपियन गुजरात टाइटन्स ने राशिद खान को 18 करोड़, कप्तान शुभमन गिल को 16.5 करोड़, बी साई सुदर्शन को 8.5 करोड़, राहुल तेवतिया को 4 करोड़, और शाहरुख खान को 4 करोड़ में रिटेन किया है। उन्होंने डेविड मिलर और मोहम्मद शमी को जाने दिया, टीम के पास अब मेगा नीलामी के लिए 69 करोड़ रुपये हैं। टीम के क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी ने कहा कि हम अपनी पिछली सफलताओं और अनुभवों से सीख लेते हुए अपनी मजबूत नींव पर निर्माण करना जारी रखेंगे। हम उन सभी खिलाड़ियों के प्रति आभारी हैं जो पिछले तीन साल से टीम का हिस्सा थे। उनका समर्पण, जुनून और योगदान सराहनीय था और हम उन्हें उनके भविष्य के क्रिकेट प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

ऋषभ को इसलिए रिटेन नहीं कर पाये : पार्थ

चयन में कई बातों का रखना होता है ध्यान

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के लिए दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के अपनी टीम के कप्तान ऋषभ पंत को रिटने नहीं किये जाने पर सभी ने हैरानी जताय है। वहीं इसी को लेकर अब कैपिटल्स के सहमालिक पार्थ जिंदल का बयान आया है। इसमें पार्थ ने ऋषभ को रिटेन नहीं करने के कारण बताये हैं। फ्रेंचाइजी ने चार खिलाड़ियों अक्षर पटेल (16.5 करोड़ रुपये), अभिषेक पोरेल (4 करोड़ रुपये), ट्रिस्टन स्टब्स (10 करोड़ रुपये) और कुलदीप यादव (13.25 करोड़ रुपये) को रिटेन किया है ऋषभ साल 2016 से ही दिल्ली के साथ थे लेकिन वह 8 सत्र के बाद उनसे अलग हो गए हैं। इसी को लेकर जिंदल ने कहा कि अक्षर, कुलदीप, ट्रिस्टन और अभिषेक को शामिल करने से हमारे पास अनुभव और युवा प्रतिभा का आदर्श मिश्रण हुआ है। मैं टीम के लिए अधिक खिलाड़ियों को बरकरार रखना पसंद करूंगा पर नियमों का के अनुसार हमें चयन में कई बातों का ध्यान रखना होता है। जिंदल ने कहा कि नीलामी में जाने पर हमारे पास दो आरटीएम कार्ड होंगे और इससे उन खिलाड़ियों के साथ बने रहने का रास्ता हमारे पास रहेगा, जो पहले से टीम में रहे हैं। हम जानते हैं कि हम किसे चाहते हैं और यह पक्का करेंगे कि सभी नहीं तो कुछ खिलाड़ी वापस आ जाएं। हम एक मजबूत और संतुलित टीम बनाना चाहते हैं जो आईपीएल ट्रॉफी जीत सके। वहीं ऋषभ के कार्यकाल की बात करें तो वह अभी भी दिल्ली कैपिटल्स की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं और अनुभवी स्पिनर अमित मिश्रा के साथ सबसे ज्यादा कैप्ड खिलाड़ी भी हैं। वहीं फ्रेंचाइजी ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर हेमांग बदानी और वेणुगोपाल राव को मुख्य कोच (आईपीएल) और क्रिकेट निदेशक (आईपीएल) नियुक्त किया था। राव ने कहा कि मैं नए आईपीएल चक्र से पहले इस नई चुनौती का इंतजार कर रहा हूं। फ्रेंचाइजी के साथ मेरा जुड़ाव लंबे समय से है, और हमारे मालिकों ने मुझे यह भूमिका देकर मुझ पर जो भरोसा जताया है, उसके लिए मैं आभारी हूं। वहीं नये कोच बदानी ने कहा कि दिल्ली कैपिटल्स में शामिल होना मेरे लिए अत्यंत सम्मान की बात है, और इस काम के लिए मुझ पर भरोसा करने के लिए मैं अपने मालिकों का बहुत आभारी हूं।

पेरिस में फ्रांस के अर्थुर फिल्स एटीपी मास्टर्स टेनिस में रिटर्न शॉट लगाते हुए।

(फोटो-ईएमएस)

অসম চৰকাৰ

ধ্ৰুপদী ভাষাৰ সূচীত

অসমীয়া ভাষাৰ

অন্তৰ্ভুক্তিৰ বাবে **প্ৰধানমন্ত্ৰী শ্ৰীনৰেন্দ্ৰ মোদী** তথা চতুৰ্থ শতিকাৰ পৰা পৰ্যায়ক্ৰমে অসমীয়া ভাষাৰ উন্নতিত অৰিহণা যোগোৱা **মহান মনীষী, পুৰোধা পণ্ডিত, ভাষাবিদসকললৈ** কৃতজ্ঞতাৰে

ভাষা গৌৰৱ সপ্তাহ উদ্‌যাপন

৩ – ৯ নৱেম্বৰ ২০২৪

অসমীয়া ভাষাৰ লগতে অসমৰ বিভিন্ন **জনগোষ্ঠীয় ভাষা** আৰু **বৰ্ণিল সংস্কৃতিৰ** প্ৰচাৰ আৰু প্ৰসাৰ সন্দৰ্ভত আলোচনা আৰু কৰ্মসূচী

৩ নৱেম্বৰ ২০২৪ৰ কাৰ্যসূচী

কামৰূপ (মহানগৰ) জিলাৰ উদ্বোধনী অনুষ্ঠান

মুখ্য অতিথি

শ্ৰীঅতুল বৰা

মন্ত্ৰী, কৃষি ইত্যাদি বিভাগ, অসম

গৌৰৱময় উপস্থিতি

শ্ৰীমতী অজন্তা নেওগ
মন্ত্ৰী, বিত্ত ইত্যাদি বিভাগ, অসম

ডাঃ ৰণোজ পেগু
মন্ত্ৰী, শিক্ষা ইত্যাদি বিভাগ, অসম

দিনৰ ১১:০০ বজা | শ্ৰীমন্ত শংকৰদেৱ কলাক্ষেত্ৰ, গুৱাহাটী

কাৰ্যসূচী

- অসমীয়া ভাষা-সাহিত্যলৈ বৰঙনি যোগোৱা মহান মনীষী, পুৰোধা পণ্ডিত, ভাষাবিদসকললৈ কৃতজ্ঞতা জ্ঞাপন
- ধ্ৰুপদী ভাষাৰ মৰ্যাদা প্ৰদানৰ বাবে প্ৰধানমন্ত্ৰীলৈ ১ লাখ নাগৰিকৰ দ্বাৰা কৃতজ্ঞতাসূচক পত্ৰ প্ৰেৰণ
- প্ৰকাশন পৰিষদৰ দ্বাৰা প্ৰকাশ কৰা ধ্ৰুপদী ভাষা বিষয়ক গ্ৰন্থ 'ধ্ৰুপদী অসমীয়া' নাগৰিকৰ মাজত বিতৰণ
- অসমৰ অন্যান্য ভাষাসমূহৰ বিকাশ আৰু বিৱৰ্তন সম্পৰ্কে আলোচনা



মন্ত্ৰীসকলৰ দ্বাৰা জিলাভিত্তিক শুভ উদ্বোধন কাৰ্যসূচী

ক্ৰমিক নং	মুখ্য অতিথি	স্থান
১	শ্ৰীৰণজিৎ কুমাৰ দাস মন্ত্ৰী, অসম চৰকাৰ	বজালী
২	শ্ৰীকেশৱ মহন্ত মন্ত্ৰী, অসম চৰকাৰ	গোলাঘাট
৩	শ্ৰীবিমল বড়া মন্ত্ৰী, অসম চৰকাৰ	ডিব্ৰুগড়
৪	শ্ৰীযোগেন মহন মন্ত্ৰী, অসম চৰকাৰ	চৰাইদেউ
৫	শ্ৰীচন্দ্ৰমোহন পাটোৱাৰী মন্ত্ৰী, অসম চৰকাৰ	কামৰূপ
৬	শ্ৰীসঞ্জয় কিশান মন্ত্ৰী, অসম চৰকাৰ	তিনিচুকীয়া
৭	শ্ৰীউৰ্খাও গীৰা ব্ৰহ্ম মন্ত্ৰী, অসম চৰকাৰ	ধুবুৰী
৮	শ্ৰীজয়ন্ত মল্লবৰুৱা মন্ত্ৰী, অসম চৰকাৰ	নলবাৰী
৯	শ্ৰীঅশোক সিংহল মন্ত্ৰী, অসম চৰকাৰ	বৰপেটা
১০	শ্ৰীমতী নন্দিতা গৰ্লোছা মন্ত্ৰী, অসম চৰকাৰ	হাফলং

৩ নৱেম্বৰ ২০২৪ৰ পাছত পৰ্যায়ক্ৰমে বিদ্যালয়, মহাবিদ্যালয় আৰু বিভিন্ন সামাজিক অনুষ্ঠান-প্ৰতিষ্ঠানে নিজাববীয়াকৈ এই অনুষ্ঠান অনুষ্ঠিত কৰিব

বিঃদ্ৰঃ উপ-নিৰ্বাচন ঘোষণা হোৱা জিলাকেইখনত নিৰ্বাচনী আচৰণ বিধি প্ৰযোজ্য হ'ব

তথ্য আৰু জনসংযোগ সঞ্চালকালয়, অসমৰ দ্বাৰা প্ৰচাৰিত | Connect with us @diprassam | dipr.assam.gov.in

-- Janasanyog /D/8208/24/2-Nov-24